कोटद्वार, बुधवार
2 जुलाई 2025
वर्षः 47
अंकः 65 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बरसात में इमरजेंसी हेली सेवा संचालन पर बना संशय

रुद्रप्रयाग। केदारघाटी में इस बार बरसात के दौरान अभी तक कोई हेली सेवा मौजूद नहीं है। जबकि इमरजेंसी में हेली सेवा उपलब्ध रहने के मामले पर अभी संशय बना हुआ है। इस मामले में अंत में फैसला डीजीसीए को ही लेना है। वर्तमान समय में केदारघाटी में कोई भी हेली सेवा मौजूद नहीं है।

बताते चलें कि बीते सालों में बरसात के दौरान यूकाडा और सरकार केदारघाटी में दो हेली सेवाओं को इमरजेंसी के लिए उड़ान भरने की अनुमति देती रही है जिसके चलते यहां कई बार केदारनाथ में अचानक तबीयत बिगड़ने वाले यात्रियों को जल्द वापस लाने या फिर किसी विपरीत परिस्थिति में जरूरतमंदों को एयरलिफ्ट किया जाता रहा है, किंतु इस बार केदारघाटी में कोई इमरजेंसी हेली सेवा नहीं है। पिछले साल हिमालय हेली और आर्यन दो कंपनी इमरजेंसी के लिए बरसात में केदारघाटी में मौजूद थी। जबकि इस बार ऐसा नहीं हुआ है।

इसका कारण बीती 15 जून को हेली क्रैश होने की घटना के बाद से जहां डीजीसीए, सरकार, यूकाड़ा फूंक–फूंक कर कदम रख रहा है वहीं हेली संचालक भी बरसात में हेली सेवा संचालन के मूड में नहीं दिख रहे हैं। केदारघाटी में बरसात में अधिकांश मौसम खराब रहता है ऐसे में हेलीकॉप्टरों को उड़ाना किसी जोखिम से कम नहीं है। साथ ही खराब मौसम, लगातार बादलों की अटखेली के बीच सुरक्षित उड़ान भरना पायलेटों के लिए भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होता है। हालांकि केदारनाथ यात्रा को देखते हुए इमरजेंसी के लिए केदारघाटी में हेलीकॉप्टर मौजूद रहेंगे या नहीं इस पर अब भी संशय बना है।

### पुलिस कर्मी ने दिव्यांग को केदारनाथ मंदिर पहुंचाया

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में दर्शनों पर आ रहे यात्रियों की पुलिस लगातार सेवा कर रही है। ऐसे यात्री जो स्वास्थ्य की किसी परेशानी से जूझ रहे हैं उन्हें पुलिस के जवान न केवल उनकी मदद कर रहे हैं बल्कि उन्हें मानवता का परिचय देकर हौसला दे रहे हैं। मंगलवार को केदारनाथ धाम में इन्दौर, बड़वानी, मध्यप्रदेश से दर्शनों को आई श्रद्धालु अर्चना जसवाल दोनों पैर से पैरालाइसिस होने के कारण चलने में असमर्थ थी। वहां से गुजर रहे पुलिस के फायरमैन चन्द्रमोहन की नजर जब उन पर पड़ी तो वे तत्काल उनके पास पहुंचे और मदद को हाथ बढ़ाए। महिला यात्री की समस्या को समझते हुए उनके द्वारा मानवता का परिचय देकर श्रद्धालु अर्चना जसवाल को हौंसला दिया गया। उन्हें अपनी पीठ पर बैठाकर केदारनाथ मंदिर में बाबा केदार के सुगम दर्शन करवाए गए। जिस पर पुलिस कर्मी की मानवता को देख श्रद्धालु और उनके परिजनों काफी खुश हुए। उन्होंने फायर कार्मिक का आभार जताया। साथ ही उनके कायी की सराहना की।

### टिहरी में मंगलवार शाम तक 13 सड़कें बंद

नई टिहरी। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, सुबह के वक्त जनपद में कुल 21 ग्रामीण सड़कें बंद थीं। शाम तक कई सड़कों को संबंधित विभागों के खोलने के बाद शाम तक कुल 13 ग्रामीण सड़कें अवरुद्ध हैं। बताया गया कि ग्रामीण सड़कों के खुलने व बंद होने का सिलसिला निरंतर जारी है। आम लोगों की समस्याओं को देखते हुए जेसीबी सभी स्थानों पर लगाये गये हैं। ताकि सड़कों को समय से खोला जा सके। 13 ग्रामीण सड़कों को लोनिवि खंडों की गुलर सालब भगवासेरा, तुतरिया बड़कोट नौघर, बिंदोली से डांडा की बेली मार्ग, रनोलसारी से रमोलसारी बैंड मोटर मार्ग और पीएमजीएसवाई की सुपाणाधारी मोटर मार्ग, खोलाथापली मुसमोला मोटर मार्ग, ईठारना से कुखई मोटर मार्ग, गजा तमियार परसरखेत तिमली मोटर मार्ग, मिण्डाथ बौर गांव चिलपड मौटर मार्ग, विनय खाल से गेंवली मोटर मार्ग, आरकेके मोटर मार्ग, बड़ेथ बनचौरा धनसी मोटर मार्ग, बागी सिलारी बाया हलेथ मोटर मार्ग खबर लिखे जाने तक बंद रहे।

## धामी सरकार ने कांवड़ यात्रा के लिए जारी किए सख्त निर्देश

**• कांवड़ मार्ग में स्थित खाद्य की दुकान पर मालिक का नाम, लाइसेंस और पहचान पत्र दिखाना जरूरी • बिना नाम और लाइसेंस वाली दुकानें होंगी बंद**



देहरादून। श्रद्धा और आस्था के महापर्व कांवड़ यात्रा 2025 को लेकर उत्तराखंड सरकार ने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने एक सख्त और समर्पित कार्ययोजना तैयार की है, जिसके तहत लाखों श्रद्धालुओं को शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने के लिए व्यापक निगरानी अभियान चलाया जाएगा।

**कानूनी कार्रवाई व 2 लाख तक का जुर्माना**

कांवड़ यात्रा 2025 के दौरान श्रद्धालुओं को शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने के लिए शासन ने सख्त व्यवस्था लागू कर दी है। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ आर. राजेश कुमार ने कहा इस संबंध में यात्रा मार्गों पर मौजूद सभी होटल, ढाबा, ठेली, फड़ व अन्य खाद्य कारोबारियों को कुछ जरूरी निर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य है, हर खाद्य कारोबारी को अपने लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाणपत्र की एक साफ–सुथरी प्रति अपने प्रतिष्ठान में प्रमुख जगह पर लगानी होगी, ताकि उपभोक्ता उसे आसानी से देख सकें। छोटे व्यापारियों व ठेले–फड़ वालों को भी अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अपने पास रखना और प्रदर्शित करना जरूरी होगा। होटल, भोजनालय, ढाबा और रेस्टोरेंट में ‖फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड‖ भी साफ–साफ दिखाई देने वाले स्थान पर लगाया जाना चाहिए, जिससे ग्राहक को यह पता चल सके कि खाने की गुणवत्ता की जिम्मेदारी किसकी है। जो कारोबारी ये निर्देश नहीं मानेंगे, उनके खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की धारा 55 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें 2 लाख तक का जुर्माना लग सकता है। सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन आदेशों का कड़ाई से पालन हो। श्रद्धालुओं की सेहत के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ आर. राजेश कुमार ने कहा कांवड़ यात्रा के दौरान पंडालों, भंडारों और अन्य भोजन केंद्रों पर परोसे जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मिलावटखोरों और मानकों से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों की सेहत हमारी सवोच्च प्राथमिकता है।

**खाद्य पदार्थों की सघन जांच का अभियान**

अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन श्री ताजबर सिंह जग्गी ने कहा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की विशेष टीमें हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी और उत्तरकाशी जिलों में तैनात की गई हैं। ये टीमें नियमित रूप से पंडालों से दूध, मिठाई, तेल, मसाले, पेय पदार्थ आदि के नमूने लेंगी और जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजेंगी। अगर कोई नमूना मानकों पर खरा नहीं उतरता तो संबंधित स्थल को तत्काल बंद कर दिया जाएगा। अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन श्री ताजबर सिंह जग्गी ने कहा सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिना लाइसेंस खाद्य व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। मिलावट या नियम उल्लंघन करने वालों को आर्थिक दंड के साथ–साथ आपराधिक कार्रवाई का भी सामना करना पड़ेगा।

**जागरूकता और शिकायत व्यवस्था**

अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन श्री ताजबर सिंह जग्गी ने कहा आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) माध्यमों से जनता और संचालकों को शुद्ध भोजन की पहचान, खाद्य नियमों और उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए बैनर, पोस्टर, पर्चे और सोशल मीडिया का उपयोग किया जा रहा है। सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर द 18001804246 पर कोई भी व्यक्ति खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायत पर प्रशासनिक टीमें तुरंत मौके पर जाकर कार्रवाई करेंगी।

**नियमित रिपोर्टिंग और अधिकारी जिम्मेदार**

अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन श्री ताजबर सिंह जग्गी ने बताया हर जिले से प्रतिदिन की गई कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस दिखाए दुनिया

### विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले बोले जयशंकर



वॉशिंगटन,विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि हम सभी एक खुला और स्वतंत्र हिंद–प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र के देशों के पास विकल्पों की स्वतंत्रता होनी चाहिए, ताकि वे विकास और सुरक्षा को लेकर सही निर्णय ले सकें। पिछले कुछ महीनों में क्वाड की पहलों में हमने महत्वपूर्ण प्रगति की है। जयशंकर यह बात वॉशिंगटन में क्वाड के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले कही। जयशंकर ने कहा कि दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों की तुलना आतंक फैलाने वालों से कभी नहीं की जानी चाहिए। विदेश मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है और हम इस अधिकार का प्रयोग करेंगे। दिन की शुरुआत में जयशंकर ने कहा था कि आतंकवादियों को बिना किसी सजा के काम करने की छूट नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि यह सोच कि आतंकवादी सीमा के उस पार हैं और इसलिए उन्हें जवाब नहीं दिया जा सकता, अब यह धारणा चुनौती देने योग्य है। और यही हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए किया।

न्यूयॉर्क में न्यूजवीक के सीईओ देव प्रगाड़ से बातचीत के दौरान जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत अब परमाणु ब्लैकमेल के झांसे में नहीं आएगा, खासकर उस स्थिति में जब सीमापार से आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा हो।

## बेंगलुरु के विक्टोरिया अस्पताल में लगी आग, 26 मरीजों को निकाला गया

बेंगलुरु , बेंगलुरु के सरकारी विक्टोरिया अस्पताल में मंगलवार को आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि अस्पताल के बर्न वार्ड में अचानक आग लग गई, जिसके बाद सभी 26 मरीजों को सुरक्षित दूसरे ब्लॉक में शिफ्ट किया गया।

पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, मंगलवार तड़के करीब 3 बजे स्विचबोर्ड में शॉर्ट सर्किट की वजह से बर्न वार्ड में आग लगी। इस घटना में एक बिस्तर, रजिस्टर बुक और अन्य उपकरण जलकर खाक हो गए।

आग और धुएं ने बर्न वार्ड के ग्राउंड फ्लोर को अपनी चपेट में ले लिया। रात के समय ड्यूटी पर तैनात डॉ. दिव्या ने सबसे पहले आग और धुआं देखा और तुरंत अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद अस्पताल के कर्मचारियों ने सभी 26 मरीजों को एच ब्लॉक के दूसरे वार्ड में सुरक्षित पहुंचाया।

अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय बर्न वार्ड में 14 पुरुष, पांच महिलाएं और सात बच्चे भर्ती थे।पुलिस ने बताया कि डॉ. दिव्या ने सुबह करीब 3.30 बजे अस्पताल के सेमिनार हॉल में आग और धुआं देखा। उन्होंने तुरंत अपने सहयोगियों को सूचित किया और मरीजों को निकालने की प्रक्रिया शुरू की।

उन्होंने अस्पताल के अधीक्षक को फोन किया और पुलिस व फायर कंट्रोल रूम को भी सूचना दी। 30 मिनट के अंदर सभी मरीजों को सुरक्षित स्थानांतरित कर दिया, जिनमें आईसीयू में भर्ती मरीज भी शामिल थे। फायर और इमरजेंसी सर्विसेज की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

इससे पहले, 19 फरवरी, 2024 को बेंगलुरु के पास एक परफ्यूम गोदाम में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना बेंगलुरु के पश्चिमी बाहरी इलाके रामसमुद्र में गोदाम में हुई थी।

20 मार्च, 2024 को बेंगलुरु के जे.पी. नगर में एक परिवार के तीन लोगों की आग लगने से मौत हो गई थी, जिसमें एक मां और उसके दो बेटे शामिल थे।

## चरस तस्करी में दोषी को दस वर्ष का कठोर कारावास, एक लाख रुपये का जुर्माना

अल्मोड़ा। विशेष सत्र न्यायाधीश श्रीकांत पांडे की अदालत ने चरस तस्करी के एक मामले में अभियुक्त दीवान सिंह राणा को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी दीवान सिंह राणा, ग्राम कनवाड़, देवीधुरा, पाटी, जिला चंपावत का निवासी है। प्रकरण की जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक संजय जोशी ने 7 जनवरी 2024 को थाना लमगड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस दिन देर रात चेकिंग अभियान के दौरान धौलकड़िया तिराहे पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने रोकने की कोशिश की, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। शक के आधार पर उसे दौड़कर पकड़ा गया और पूछताछ करने पर उसकी पहचान दीवान सिंह राणा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक सफेद थैले में 1.137 किलोग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस टीम की पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह चरस देवीधुरा क्षेत्र के बेड़चूला गांव से एकत्र कर हल्द्वानी ले जा रहा था। मामले की सुनवाई विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत में हुई, जिसमें अभियोजन पक्ष ने सात गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) पूरन सिंह कैड़ा ने अभियोजन की ओर से पक्ष रखते हुए अदालत को बताया कि आरोपी के पास से भारी मात्रा में चरस बरामद हुई है और वह इसका अवैध व्यापार कर रहा था।

## उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष के पद पर महेंद्र भट्ट की दोबारा ताजपोशी कर हाईकमान ने साधे कई समीकरण

देहरादून। उत्तराखंड भाजपा का नया अध्यक्ष कौन होगा, इसे लेकर अब तस्वीर साफ हो चुकी है। पार्टी हाईकमान ने मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की दोबारा ताजपोशी कर एक तीर से कई समीकरण भी साधे हैं। इससे यह भी साफ हो गया है कि वर्ष 2027 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भट्ट की जुगलबंदी पर पूरा दारोमदार रहेगा।

साथ ही पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री धामी व संगठन की पसंद का ख्याल भी रखा है। यही नहीं, यह संदेश देने का प्रयास किया है कि जो बेहतर कार्य करेगा, उसे पारितोषिक देने में पार्टी पीछे नहीं रहेगी। उत्तराखंड में वर्ष 2017 में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई भाजपा वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में वह मिथक तोडऩे में कामयाब रही थी, जिसमें राज्य में हर पांच साल में सत्ताधारी दल बदल जाता था। अब पार्टी के सामने वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में हैट–ट्रिक लगाने की चुनौती है। इसी



हिसाब से सरकार और संगठन फील्डिंग सजाने में जुट गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट की दोबारा ताजपोशी को इससे जोड़कर देखा जा रहा है। भट्ट को 30 जुलाई 2022 को बदली परिस्थितियों में प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी और प्रदेश अध्यक्ष भट्ट की जुगलबंदी में हरिद्वार जिले के त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा ने इतिहास रचा तो हाल में संपन्न हुए नगर निकाय चुनावों में पार्टी ने परचम फहराया। इसके अलावा विधानसभा की केदारनाथ सीट के उपचुनाव में पार्टी इसे अपने पास बनाए रखने में सफल रही। विधानसभा की मंगलौर सीट के उपचुनाव में भाजपा पहली बार दूसरे स्थान पर रही। यद्यपि, यह सीट कभी भी भाजपा के पास नहीं रही। यही नहीं, बतौर राज्यसभा सदस्य भट्ट राज्य से जुड़े तमाम विषयों को भी संसद में उठाते आ रहे हैं। इस सबको देखते हुए माना जा रहा था कि प्रदेश अध्यक्ष पद पर भाजपा हाईकमान भट्ट को ही दोबारा अवसर दे सकता है और हुआ भी यही। इसके लिए पार्टी में पकड़ का लाभ भी उन्हें मिला। सभी सांसदों व वरिष्ठ नेताओं का उनका प्रस्तावक बनने को इससे जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा पार्टी में परंपरा चली आ रही है कि सत्ता में रहने के दौरान यदि मुख्यमंत्री कुमाऊं से होगा तो प्रदेश अध्यक्ष गढ़वाल मंडल से बनेगा। साथ ही मुख्यमंत्री राजपूत हैं तो प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण होगा।

### ये थे भट्ट के अन्य प्रस्तावक

प्रदेश अध्यक्ष के लिए मौजूदा अध्यक्ष भट्ट के नामांकन पत्र में अन्य प्रस्तावकों के तौर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल व डा कल्पना सैनी, टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी व सुबोध उनियाल, पूर्व विधायक बिशन सिंह चुफाल, विधायक विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ विनोद कंडारी, राम सिंह कैड़ा, दिलीप रावत व बृजभूषण गैरोला समेत अन्य नेताओं ने हस्ताक्षर किए।

## आरक्षण नीति, कर्मचारियों की सीधी भर्ती और प्रमोशन को लेकर बड़ा कदम

नई दिल्ली। देश की सवोच्च अदालत में पहली बार कर्मचारियों की सीधी भर्ती और प्रोन्नति में आरक्षण नीति लागू हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में 24 जून को सर्कुलर जारी कर शीर्ष अदालत के सभी कर्मचारियों को सूचित किया है। कोर्ट ने आरक्षण नीति लागू करते हुए माडल रिजर्वेशन रोस्टर जारी किया है। सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी एसटी) को आरक्षण का लाभ देने के लिए 200 प्वाइंट की रोस्टर प्रणाली लागू की गई है। यह रोस्टर गत 23 जून को जारी किया गया। यह पहला मौका है जबकि सुप्रीम कोर्ट कर्मचारियों में आरक्षण नीति लागू हुई है। वैसे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति में किसी तरह का आरक्षण लागू नहीं होता है लेकिन फिर भी उनकी नियुक्ति में हर वर्ग और हर क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा जाता है।

**कर्मचारियों की सीधी भर्ती और प्रोन्नति में आरक्षण लागू**



सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति में तो आरक्षण नहीं ही लागू था, लेकिन कर्मचारियों की भर्ती में भी अभी तक आरक्षण लागू नहीं था। केंद्र सरकार ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण लागू करने के लिए दो जुलाई 1997 को आदेश जारी किया था और अब उसके करीब 28 सालों के बाद सुप्रीम कोर्ट में कर्मचारियों की सीधी भर्ती और प्रोन्नति में आरक्षण लागू हुआ है।

**23 जून से आरक्षण नीति लागू**

सुप्रीम कोर्ट के औपचारिक रूप से 23 जून से आरक्षण नीति लागू की गई है। 23 जून को रजिस्ट्रार प्रदीप वाई. लाडेकर की ओर से जारी रोस्टर में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 15 फीसदी और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 7.5 फीसद आरक्षण का रोस्टर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में 24 जून को जारी सर्कुलर में सभी कर्मचारियों को इसके बारे में सूचित किया है।

**सर्कुलर में क्या कहा गया?**

सर्कुलर में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी के निर्देशों के अनुसार सभी संबंधित लोगों को जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर को सुपनेट (सुप्रीम कोर्ट के आंतरिक ईमेल नेटवर्क ) पर अपलोड कर दिया गया है और उसे 23 जून 2025 से प्रभावी बनाया गया है।

## दून में 22 आपदा प्रभावितों को 5.14 लाख रुपये दिए

देहरादून। देहरादून सदर तहसील क्षेत्र में पिछले दो दिन में भारी बारिश से 22 परिवार प्रभावित हुए हैं। इन परिवारों को जिलाधिकारी के निर्देश 5.14 लाख रूपये भी तात्कालिक सहायता राशि वितरित की गई है। इसमें अतिवृष्टि से पक्के और कच्चे भवनों को आंशिक क्षति होने पर यह सहायता राशि दी है।

अतिवृष्टि से गढ़ी निवासी अमित कुमार शर्मा का पक्का मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, उन्हें साढ़े 11 हजार रूपये, रिखौली में कच्चा भवन आंशिक क्षतिग्रस्त होने पर सविता देवी, अर्पित बिष्ट को 4–4 हजार, योगेश क्षेत्री तथा घंघोड़ा में भक्त बहादुर के पक्के मकान के क्षतिग्रस्त होने पर 6500 की सहायता राशि का चेक दिया गया। ब्रह्मपुरी लोहियानगर में कच्चे भवन आंशिक क्षतिग्रस्त होने पर सरालीन, सागीर, नूरजहॉ और सत्तार अहमद को प्रति व्यक्ति 2500 रूपये की सहायत दी गई। बनिया बाजार वीरपुर में रेखा भण्डारी, मोहिनी शाही, रितिका कन्नौजिया, कुसुम वर्मा, पूजा शर्मा, कोमल, वीर बहादुर, अतुल, दल बहादुर को 5–5 हजार की सहायता धनराशि के चेक वितरित किए गए। जाखन में पक्का भवन क्षतिग्रस्त होने पर अशरफ अली और किशन थापा को 11500 की सहायता राशि दी गई।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद एक और बड़ा हादसा होते–होते बचा

नई दिल्ली। एअर इंडिया पर इन दिनों आफत के बादल मंडरा रहे हैं। हाल ही में हुए अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद एक और बड़ा हादसा होते–होते बच गया। 14 जून, 2025 को एअर इंडिया के विमान ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एअरपोर्ट से वियना के लिए उड़ान भरी। इसके बाद ये विमान बीच हवा में 900 फीट तक नीचे आ गया।

एअरलाइन ने बयान जारी करते हुए कहा कि जांच के नतीजे आने तक दोनों पायलटों को रोस्टर से हटा दिया गया है। ये घटना अहमदाबाद प्लेन क्रैश के दो दिन बाद हुई, जिसमें विमान में सवार एक शख्स को छोड़कर सभी लोगों की मौत हो गई थी।

**एअर इंडिया ने बयान जारी कर क्या बताया?**

एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा,



"पायलट की रिपोर्ट मिलने के बाद नियमों के मुताबिक, डीजीसीए को मामले की जानकारी दी गई। इसके बाद विमान के रिकॉर्डर से डेटा मिलने पर आगे की जांच शुरू की गई। जांच के नतीजे आने तक पायलटों को रोस्टर से हटा दिया गया है।"

**टेकऑफ करने के कुछ देर में नीचे गिरने लगा विमान**

उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद बोइंग 777 अचानक नीचे उतरने लगा। विमान को स्टॉल वार्निंग मिली और ग्राउंड प्रॉक्सिमिटी वार्निंग सिस्टम से "डू नॉट सिंक कॉशन" भी मिला, जिसमें पायलटों से ऊंचाई न खोने के लिए कहा गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, जब बोइंग 777 ने सुबह दो बजकर 56 मिनट पर उड़ान भरी तो दिल्ली में तेज तूफान आया हुआ था। इस दौरान स्टिक शेकर अलार्म एक्टिव हो गया और पायलट को तुरंत खतरे का एहसास हुआ। इसके बाद दोनों पायलटों ने स्थिति को तुरंत कंट्रोल किया और विमान को सही ऊंचाई पर लेकर आए। विमान 9 घंटे और 8 मिनट की उड़ान के बाद सुरक्षित रूप से वियना में उतरा।

## मोदी सरकार ने अहम फैसलों पर लगाई मुहर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में तीन महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई गई। इनमें रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और अनुसंधान व नवाचार योजना शामिल हैं। इसके अलावा मीटिंग में तमिलनाडु में परमकुडी–रामनाथपुरम नेशनल हाईवे को चार लेन का बनाने के लिए मंजूरी दी है।

**केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी देते हुए कहा कि अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआर-एफ) को कुछ समय पहले प्रधानमंत्री ने मंजूरी दी थी। एएनआरएफ ने इजरायल, अमेरिका, सिंगापुर, जर्मनी जैसे देशों के कार्यक्रमों का अध्ययन किया, जिनमें



अनुसंधान से लेकर उत्पाद तक ले जाने का बहुत अच्छा रोडमैप बना हुआ है। यह प्रोग्राम उसी रोडमैप, सीख और परामर्श के आधार पर बनाया गया है।

**खेलो भारत नीति को दी मंजूरी**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत खेलो भारत नीति 2025 के बारे में जानकारी दी। बता दें कि यह नीति राष्ट्रीय खेल नीति 2021 की जगह लेगी। इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ जोड़ा जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 11 वर्षों में प्रधानमंत्री ने खेलों पर अलग तरह से ध्यान केंद्रित किया है और खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह नई खेल नीति बनाई गई है।

**3.5 करोड़ नौकरियों का रखा लक्ष्य**

कैबिनेट ने 99,446 करोड़ रुपये की लागत से रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है, जिसका लक्ष्य अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियां सृजित करना है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह योजना सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन पर केंद्रित है, जिससे संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह भारत की बेरोजगारी की चुनौती से निपटने और युवा शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

**तमिलनाडु को भी दिया तोहफा**

बता दें कि कैबिनेट की बैठक में तमिलनाडु को भी मोदी सरकार ने तोहफा दिया है। तमिलनाडु में परमाकुडी–रामनाथपुरम खंड के 4–लेन निर्माण को मंजूरी दी गई है। इसकी कुल लंबाई 46.7 किमी है और परियोजना लागत 1,853 करोड़ रुपये है।

## नाखून, खरोंच के निशान, कोलकाता कांड में मोनोजीत के खिलाफ एक और फंदा



नई दिल्ली।कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में प्रथम वर्ष की 24 वर्षीय छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा के खिलाफ एक और अहम सुराग हाथ लगे हैं। उसके शरीर पर डॉक्टरों को पीड़िता के नाखून और उसके खरोंच के निशान मिले हैं। एक उच्च पदस्थ पुलिस सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि नाखूनों के निशान कथित यौन उत्पीड़न के दौरान पीड़िता द्वारा किए गए प्रतिरोध का संकेत देते हैं। यह घटना 25 जून की शाम को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में एक सुरक्षा गार्ड के कमरे के अंदर हुई थी। अधिकारी ने कहा, ‖मोनोजीत के शरीर पर चोटों के निशान हैं, खरोंच के निशान हैं। ये चोटें ताजा हैं। ऐसी चोटें तब लगती हैं जब कोई संघर्ष या प्रतिरोध का सामना करता है। फोन कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच करने पर कोलकाता पुलिस के नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (रकळ) को अपराध के अगले दिन सुबह मोनोजीत और कॉलेज की उप–प्राचार्या डॉ. नयना चटर्जी के बीच हुई बातचीत के साक्ष्य भी मिले हैं।

**कॉलेज की उप–प्राचार्या से भी पूछताछ**

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने कहा, ‖गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों के मोबाइल फोन की सीडीआर की जांच की गई। हमने पाया कि वारदात के अगले दिन सुबह मोनोजीत के नंबर से कॉलेज की उप–प्राचार्या को कॉल की गई थी। हमने उनकी बातचीत का ब्यौरा जानने के लिए कल से दो बार उप–प्राचार्या से भी पूछताछ की है।

# सम्पादकीय


## सेनापति का दूसरा अध्याय

पंचायत चुनाव की घोषणाओं के बीच भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव भी कर लिया है और महेंद्र भट्ट को दोबारा उत्तराखंड बीजेपी की कमान सौंप गई है। महेंद्र भट्ट पूर्व विधायक भी रह चुके हैं और वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं उनका राजनीतिक काम नहीं आता जा सकता। वैसे तो पंचायत चुनाव को लेकर वे संगठनात्मक तौर पर क्रियाशील थे ही और यह लगभग आश्वस्त था कि प्रदेश अध्यक्ष की कमान महेंद्र भट्ट को ही मिलने जा रही है। चुनाव से पूर्व कुछ अन्य नाम एवं पूर्व सांसदों की सुगबुगाहट भी गलियारों में सुनाई दी गई थी लेकिन भाजपा का केंद्रीय कमान जो फैसला लेता है उनमें कयासबाजियां कम ही चलती हैं। महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में भाजपा ने पूर्व में अच्छी सफलताएं प्राप्त की है तो वहीं अब संगठन के चुनाव संपन्न होने के बाद निश्चित तौर पर उनके आगे पंचायत चुनावों में भी आशाओं के अनुरूप परिणाम की अपेक्षा रहेगी। भाजपा की एक विशेषता है कि उसमें संगठन का अध्यक्ष चुनने के लिए रिश्तेदारी या परिवारवाद काम नहीं करता और यहां पार्टी के लिए काम करने वाले कर्मठ व कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं को मौका अवश्य मिलता है फिर वह चाहे राष्ट्रीय स्तर पर हो या फिर राज्य या मंडल व जिला स्तर पर। यही कारण है कि आज भारतीय जनता पार्टी देश के अधिकांश राज्यों पर शासन कर रही है और साथ ही केंद्र में भी एक मजबूत सरकार बनाने में कामयाब रही है। उत्तराखंड में भी महेंद्र भट्ट के चयन को लेकर किसी प्रकार का कोई विरोध नहीं था और पहले से ही यह निश्चित हो चुका था कि हाई कमान महेंद्र भट्ट के नाम पर अंतिम मुहर लगाएगी, सिर्फ इसलिए नहीं कि वह पुराने भाजपाई हैं बल्कि इसलिए भी कि उन्होंने अपनी हर जिम्मेदारियों को कर्तव्यनिष्ठा तथा जिम्मेदारी के साथ पूरा किया है। फिलहाल पंचायत चुनाव के साथ–साथ 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों की कमान भी उनके नेतृत्व में चलाई जाएगी और देखना यह होगा कि वह भाजपा की जीत के सिलसिले को अनवरत जारी रखने में कामयाब होंगे या फिर प्रदेश में परिवर्तन की संभावनाएं बढ़ेगी? भविष्य में चाहे जो भी हो लेकिन यह आता है कि भाजपा का बूथ मैनेजमेंट बेहद अनुशासनात्मक एवं कर्तव्यनिष्ठ है जिसके लिए निश्चित तौर पर श्रेय का सेहरा उसके सेनापति प्रदेश अध्यक्ष को ही जाना चाहिए।

# भारत की अगली डिजिटल जनगणना (2027 ) से देश के भविष्य की तस्वीर सामने आएगी

**अजय दीक्षित**

**सामाजिक संस्थाओं,में और समाज में किस राज्य में कौन कौन सी जातीय निवास करती हैं और वे कितने प्रतिशत में है। सरकार आगामी दिनों में इन आंकड़ों से आरक्षण, नौकरियों में, विश्व विद्यालयों, चिकित्सा सेवाओं,में कौन सी जातीय पीछे छूट गयी,इसको भी तय कर सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों का अकड़ा भी सामने आएगा । आगामी जनगणना स्थाई मतदाता सूची भी बनाएगी जिसमें व्यक्ती या नागरिक की 18 वर्ष पूरी होने पर स्वचालित मतदाता सूची में शामिल होगा। यह प्रक्रिया गरीब, बीपीएल परिवार, खाद्यान्न उपलब्ध कराने का काम भी करेगा। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया है कि जनगणना बहुआयामी और बहुद्देशीय होगी।इस जनगणना से बहुत से विवाद हल करने में सहायता मिल सकती है। विश्व में प्रत्येक देश में डिजिटल जनगणना हुई है और यह स्थाई है,इसी आधार पर सरकार की योजनाओं को लागू किया जाता है। जन जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, धर्म, समुदाय,की गढ़ना होगी ।**



आशा करनी चाहिए कि 2027 की जनगणना से देश की तस्वीर उभर कर सामने आए।आज केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने 16 साल बाद हो रही पहली डिजिटल जनगणना की अधिसूचना जारी की। इससे पहले 2011में जनगणना हुई थी। 28 राज्योंउत्तराखंड , हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, ओड़िशा, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, पंजाब ,असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, बिहार, पश्चिमी बंगाल, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश,और आठ केंद्र शासित प्रदेशों दिल्ली, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, दमन द्वीप, नगर हवेली, चंडीगढ़,में 34 लाख कर्मचारी जनगणना करेंगे और यह विश्व का अब तक का सबसे बड़ा प्रशासनिक अभियान होगा ।इस जनगणना में एक लाख तीस हजार ऐसे लोग या कर्मचारी होंगे जो इसे डिजिटल प्रारूप में स्थापित करने का काम करेंगे। मार्च 2027 में इस जनगणना के परिणाम जारी किए जाएंगे। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक इस जनगणना में मकान,जमीन, पुरुष, स्त्री,अभय लिंगी, जाति, अनुसूचित जाति, जनजाति,जंगल, पेड़,स्कूल, माध्यमिक विद्यालय, शिक्षक, महाविद्यालय, अन्य शिक्षण संस्थान, मंदिर , मस्जिद, गुरुद्वारा, ब अन्य धार्मिक स्थानों, रीत रिवाजों शौचालय, नलकूप,नहरें,कुलाबे, कुएं, तलाब, झील, झरने, नदियां,नाले,सड़क, पगडंडी,पुल,अन्य बुनियादी ढांचे, मतदान केंद्र,सभी डिजिटल प्रारूप में स्थापित कर गिने जाएंगे। इसमें विधायक, सांसद, पंचायतों के पंच, सरपंच, नगरीय निकायों, पार्षदों, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री,मंत्री, राज्यपाल, राष्ट्रपति,की गिनती होगी।पहली बार सरकार ने इसे उद्देश्य पूर्ण बनाया है। जनगणना हमेशा देश की दिशा और दशा तय करती है। इस जनगणना से जो परिणाम निकलेंगे वह सरकार की योजना, प्रगति, सामाजिक संस्थाओं, बनियादी ढांचों को आवश्यकताओं को इंगित करेंगे। सरकार के समक्ष एक विकल्प होगा कि किस राज्य या प्रदेश में किस प्रकार की जरूरतें हैं। सामाजिक संस्थाओं,में और समाज में किस राज्य में कौन कौन सी जातीय निवास करती हैं और वे कितने प्रतिशत में है। सरकार आगामी दिनों में इन आंकड़ों से आरक्षण, नौकरियों में, विश्व विद्यालयों, चिकित्सा सेवाओं,में कौन सी जातीय पीछे छूट गयी,इसको भी तय कर सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों का अकड़ा भी सामने आएगा । आगामी जनगणना स्थाई मतदाता सूची भी बनाएगी जिसमें व्यक्ती या नागरिक की 18 वर्ष पूरी होने पर स्वचालित मतदाता सूची में शामिल होगा। यह प्रक्रिया गरीब, बीपीएल परिवार, खाद्यान्न उपलब्ध कराने का काम भी करेगा। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया है कि जनगणना बहुआयामी और बहुद्देशीय होगी।इस जनगणना से बहुत से विवाद हल करने में सहायता मिल सकती है।विश्व में प्रत्येक देश में डिजिटल जनगणना हुई है और यह स्थाई है,इसी आधार पर सरकार की योजनाओं को लागू किया जाता है। जन जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, धर्म, समुदाय,की गढ़ना होगी । जनगणना सांख्यिकी विशेषज्ञों का मत है कि भारत में अब तक हुए जनगणना से यह जनगणना व्यापक और बहुद्देशीय होगी। विशेषकर उन क्षेत्रों के लिए जो विकास में पीछे हैं।

एक प्रकार से शोषित पीड़ित समाज के लिए महत्वपूर्ण आयाम प्रदान करने वाली है। अभी सरकार 80 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराती है। लेकिन स्टडी फॉर ह्यूमन राइट्स लन्दन में एक रिपोर्ट गृह मंत्रालय भारत के हवाले प्रकाशित हुई है उसमें कहा गया है कि अभी भारत की जनसंख्या 140 बिलियन है और यह अनुमानित ही है क्योंकि 2011 के बाद के कोई सार्थक प्रमाण नहीं है। स्टडी फॉर ह्यूमन राइट्स लन्दन ने कहा है कि भारत की वास्तविक जनसंख्या अनुमानित से कम हो सकती है। क्योंकि 2011 में जनगणना कागज पर केवल लोगों के व्यक्तिव या कथन से हुई थी। लेकिन अब सॉफ्वेयर दो बार किसी व्यक्ति की जानकारी आधार कार्ड के अनुसार ही स्वीकार करेगा।

इस लिए जनसंख्या 1300 मिलियन भी हो सकती है। जनगणना में जीवन,मृत्यु भी दर्ज होगा ।इससे जीवन और मृत्यु दर का बोध भी होगा। बताया जाता है कि 2050 में भारत की आबादी बढ़ना बंद हो जाएगी। क्योंकि प्रजनन दर 2.1 अभी है। अगर 1.9 तक गिरी तो मृत्यु दर बढ़ेगी और जन्म दर घटेगी ।

समाज शास्त्री ओ के मुताबिक अभी 2030 के बाद वर्तमान मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी होगी क्योंकि 60,70,80, के दशक की जन्म वाली पीढ़ी क्रमश 80,70,60 वर्षों के होगी।

# विष्णु के सुशासन से बस्तर संभाग में बदल रही है स्वास्थ्य सुविधाओं की तस्वीर

**मनोज कुमार सिंह**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन और स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल सामान्य क्षेत्रों में, बल्कि नक्सल प्रभावित जिलों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों की पहुंच में आ रही हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान और मलेरिया मुक्त अभियान जैसे कार्यक्रमों ने इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम दिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हमारी सरकार की जन–केंद्रित सोच और समर्पित प्रयासों का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों, मितानिनों तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मेहनत से बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पूरे छत्तीसगढ़ में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इस दिशा में ठोस प्रयास लगातार जारी हैं। बस्तर में घर–घर जाकर जांच, त्वरित उपचार और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मलेरिया के प्रसार को नियंत्रित किया गया है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य संस्थानों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

**राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत उल्लेखनीय उपलब्धि**

1 जनवरी 2024 से 16 जून 2025 तक बस्तर संभाग में कुल 130 स्वास्थ्य संस्थाओं को क्वालिटी सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। इनमें 1 जिला अस्पताल, 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 113 उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। इसके अलावा, 65 अन्य संस्थाओं का सर्टिफिकेशन कार्य प्रक्रियाधीन है। विशेष रूप से नक्सल प्रभावित जिलों–कांकेर (8), बीजापुर (2), सुकमा (3) और दंतेवाड़ा (1)–में 14 संस्थानों को गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है, जो क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार का प्रमाण है। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत बस्तर संभाग में 62,466 राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि एक वर्ष में ही 36,231 आयुष्मान कार्ड पंजीकृत किए जा चुके हैं। इसके अंतर्गत अब तक 52.6 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड का कवरेज इन पांच जिलों में हो चुका है, जिसमें 6,816 लोगों को लाभ मिला है और इन पर 8 करोड़ 22 लाख रुपये की राशि क्लेम की गई है।

**चिकित्सक स्टाफ की नियुक्ति से मजबूत हुई व्यवस्था**

पिछले डेढ़ वर्षों में बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए 33 मेडिकल स्पेशलिस्ट, 117 मेडिकल ऑफिसर और 1 डेंटल सर्जन की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही राज्य स्तर से 75 तथा जिला स्तर से 307 स्टाफ एवं प्रबंधकीय पदों पर भर्ती की गई है, जबकि 291 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। यह कदम क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

**नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच**

नक्सल प्रभावित जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता रहा है। कांकेर, बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अब आम लोगों तक पहुंच रहा है। यह विष्णु देव साय के सुशासन का परिणाम है, जिसने बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। बस्तर संभाग में स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे ये सुधार न केवल स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठा रहे हैं, बल्कि यह भी साबित कर रहे हैं कि सुशासन और समर्पित प्रयासों से सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी सकारात्मक बदलाव संभव है।

# वीडियो गेम जैसा नैरेटिव,ए आई के कारण युद्ध बहुत हो गए भ्रामक

**अशोक शर्मा**

**आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के चलते पूरी दुनिया में ईरान की जवाबी कार्रवाईयों को कुछ इस तरह बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया गया है कि कई मुस्लिम देशों में तो इन वीडियो को देखकर बड़े–बड़े जश्न तक मनाए गए कि ईरान ने इजराइल को जबर्दस्त टक्कर देकर तहस–नहस कर दिया है।**

एआई ने एक नए तरह का भ्रम जाल रचकर इंसान के लिए बेहद खतरनाक स्थिति पैदा कर दी है। विशेषकर युद्ध के मामले में यह इस कदर भ्रम फैलाने में असरदार साबित हुई है कि लगता है महाकाव्यों में कैद मायावी युद्ध आज की तारीख में हकीकत बन गए हैं। इजराइल–ईरान संघर्ष में एआई ने इतनी भ्रामक स्थिति पैदा कर दी है कि पता नहीं चल पा रहा कि वाकई युद्ध में वास्तविक स्थिति क्या है?एआई के कारण 13 जून को शुरू हुए इजराइल–ईरान युद्ध में दर्जनों ऐसे फेक वीडियो बनाए गए हैं, जिनके कारण दुनियाभर की राय कई–कई बार न केवल बदली है, बल्कि करोड़ों लोग हकीकत में यह जान ही नहीं पा रहे कि इस युद्ध की वास्तविक स्थिति क्या है? मीडिया संस्थानों द्वारा अब तक दर्जनों ऐसे वीडियो फेक साबित किए जा चुके हैं, जिन्हें लाख दो लाख नहीं बल्कि दस–दस करोड़ लोगों ने देखा था और इनके आधार पर अपनी–अपनी राय बना ली थी।आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के चलते पूरी दुनिया में ईरान की जवाबी कार्रवाईयों को कुछ इस तरह बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया गया है कि कई मुस्लिम देशों में तो इन वीडियो को देखकर बड़े–बड़े जश्न तक मनाए गए कि ईरान ने इजराइल को जबर्दस्त टक्कर देकर तहस–नहस कर दिया है। लेकिन ईरान की सैन्य क्षमताओं को लेकर एआई द्वारा गढ़े गए ये वीडियो, जहां पूरी तरह से नकली थे, वहीं यूरोप और दूसरे देशों में ईरान के भीतर सरकार के विरोध में जो बड़े–बड़े आंदोलन और जनाक्रोश भरे उभार देखे गए हैं, वो भी सभी झूठे पाए गए हैं।

एआई ने इतनी भ्रामक स्थिति पैदा कर दी है कि सही–सही अंदाजा ही नहीं लग रहा कि इस युद्ध में किसका और कितना पलड़ा भारी है। आज भले ये सब मनोरंजन लगे, लेकिन विशेषज्ञों की राय है कि भविष्य में यह सब कुछ इतना भ्रामक हो जाएगा कि माइग्रेन से भी बड़ा स्थाई सिरदर्द बन जाएगा।

बड़े–बड़े रणनीतिकारों के होश उड़े

आज युद्ध सिर्फ जमीनी या हवाई हथियारों से ही नहीं लड़े जा रहे हैं, बल्कि इन्हें एआई से भी लड़ा जा रहा है। जिन्हें हम डिजिटल युद्ध भी कह सकते हैं। ईरान और इजराइल के मौजूदा युद्ध में एआई की जो व्यापक भूमिका उभरकर सामने आई है, उसने बड़े–बड़े युद्ध रणनीतिकारों के होश उड़ा दिए हैं। फर्जी वीडियो सीन, फर्जी तस्वीरों, चैटबॉट से उगलवाई गईं फर्जी जानकारियों ने भी सच और झूठ की सीमा को धुंधला बना दिया है। पिछले दिनों इंस्टाग्राम और दूसरे सोशल मीडिया में एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ, जो तेलअवीव पर साधे गए खौफनाक निशाने की भयानक तस्वीरें पेश कर रहा था। लेकिन जब न्यूज एजेंसी ने इस वीडियो को फैक्ट चेक टूल के जरिए परखा, तो पता चला कि यह बिल्कुल फर्जी वीडियो है, जिसे एआई के जरिए बनाया गया है।

मनगढ़ंत फुटेज दिखा रहे

इजराइल–ईरान युद्ध ने वीडियो गेम के वर्षों, दशकों पुराने फुटेज को भी युद्ध के ताजा विवरणों में बदल दिया। हाल में कई ऐसे वीडियो सामने आए, जिसमें इजराइली जेट कागज के हवाईजहाजों की तरह गिरते दिखते हैं। इन्हें ईरान की मिसाइलें पट–पट करके गिराती दिखाई गई हैं। लेकिन बाद में पता चलता है कि लड़ाकू जहाजों की यह बारिश हकीकत नहीं, बल्कि कंप्यूटर गेम का हिस्सा थी। ये वीडियो गेम इस कदर भ्रामक स्थिति पैदा कर रहे हैं कि पक्ष या विपक्ष में कोई वास्तविक राय ही नहीं बन रही। सिर्फ मनगढ़ंत इमेजें ही नहीं, बल्कि सैटेलाइट फुटेज भी पेश किए जा रहे हैं। टेलीग्राम और स्टेट मीडिया चैनलों पर ऐसे एआई निर्मित नकली सैटेलाइट फुटेज पोस्ट किए जा रहे हैं, जो इजराइल में बड़े पैमाने पर सैन्य क्षति दिखाते हैं। लेकिन जब इन्हें फैक्ट चेक के जरिए जांचा जाता है, तो सब कमरे के भीतर कंप्यूटर पर बनाया गया वॉर गेम साबित होता है।

# विजय सेतुपति की नई फिल्म का टाइटल हुआ जारी



साउथ स्टार विजय सेतुपति की फिल्मों का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ वक्त से विजय सेतुपति अपनी अनाम आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री नित्या मेनन नजर आने वाली हैं। हालांकि, अब मेकर्स ने इस फिल्म के टाइटल की घोषणा कर दी है। जिसके बाद अब फिल्म का नाम सामने आ गया है। फैंस का इंतजार खत्म हुआ और विजय सेतुपति की आगामी फिल्म के 'टाइटल की घोषणा हो गई। विजय सेतुपति और नित्या मेनन की इस फिल्म का नाम है 'थलाइवन थलाइवीझ्। इस फिल्म का निर्देशन पंडिराज ने किया है। इस ड्रामा फिल्म में विजय और नित्या पावर कपल के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म गंभीर रूप से संबंधित रिश्तों पर बात करती है और उनके बीच के हर भाव को दिखाती है। मेकर्स ने फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया है। जिसकी शुरूआत विजय सेतुपति और नित्या मेनन के खाना बनाने की तैयारी करते हुए होती है। इसके बाद दोनों मजाक और बहस करते हुए रसोई में खाना बनाते नजर आते हैं। टीजर में दोनों के बीच जबरदस्त केमेस्ट्री देखने को मिली है। टीजर में योगी बाबू भी नजर आए हैं। जो ये बताते हैं कि यह जोड़ी सामान्य से बहुत दूर है। तभी विजय सेतुपति एक बंदूक निकालते हैं और गोली चलाते हैं। इसके साथ ही टीजर समाप्त हो जाता है। मलयालम फिल्म '19(1)( ए)झ् के बाद विजय सेतुपति और नित्या मेनन दूसरी बार एक साथ किसी फिल्म में नजर आएंगे।

## कीर्ति सुरेश की नई फिल्म प्राइम वीडियो पर 4 जुलाई को होगी रिलीज

कीर्ति सुरेश और सुहास स्टारर नई तेलुगू फिल्म उप्पु कप्पुरम्बु 4 जुलाई 2025 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है. फिल्म की कहानी एक काल्पनिक गांव चिट्टी जया पुरम में सेट है, जहां कब्रिस्तान में जगह की कमी के कारण गांव में हंसी, अफरा–तफरी और हलचल मच जाती है. फिल्म में कीर्ति सुरेश गांव की नई मुखिया बनी हैं, जबकि सुहास कब्रिस्तान के केयरटेकर की भूमिका निभा रहे हैं. निर्देशक अनी आई.वी. सासी की इस फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह पूरे गांव के लोग इस अजीब संकट का हल निकालने के लिए एकजुट होते हैं. हास्य और मानवीय रिश्तों की परतों को छूती यह कहानी अंततः कम्युनिटी स्पिरिट पर फोकस करती है. उप्पु कप्पुरम्बु का निर्माण राधिका लावु के बैनर एलनार फिल्म्स के तहत हुआ है. फिल्म तेलुगू में रिलीज होगी, साथ ही तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में भी डब वर्जन उपलब्ध रहेंगे. खास बात यह है कि फिल्म का नाम भी एक प्रसिद्ध तेलुगू कविता से लिया गया है, जिसमें यह दिखाया गया है कि एक जैसे दिखने वाली चीजें भी असल में कितनी अलग हो सकती हैं.

# जसप्रीत बुमराह एजबेस्टन टेस्ट में खेलेंगे या नहीं, कप्तान शुभमन गिल ने बता दिया अंतिम फैसला




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम दूसरा टेस्ट मैच खेलने को तैयार और एजबेस्टन में इंग्लैंड को चुनौती से पार पाने के लिए उसने अपनी कमर कस ली है। इस मैच में सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि जसप्रीत बुमराह खेलेंगे या नहीं। बुमराह के वर्कलोड मैनेजमेंट को लेकर लगातार बातें हो रही हैं और ये तय है कि वह इस दौरे पर सिर्फ तीन ही मैच खेलेंगे। इसलिए उनके दूसरे मैच खेलने पर संशय जताया जा रहा है। बुमराह दूसरा मैच खेलेंगे या नहीं इस लेकर शुभमन गिल ने एक दिन पहले हवा साफ कर दी है। गिल ने बताया है कि बुमराह दूसरे मैच के लिए उपलब्ध हैं या नहीं। बुमराह टीम के मुख्य गेंदबाज हैं और हेडिंग्ले टेस्ट मैच की पहली पारी में उन्होंने पांच विकेट लिए थे। उनका न खेलना और खेलना काफी अंतर पैदा कर सकता है। मैच से पहले मंगलवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिल ने बताया है कि बुमराह उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, "बुमराह निश्चित तौर पर उपलब्ध हैं। हमें उनका वर्कलोड मैनेजमेंट देखना होगा। आज नेट्स पर हम अपना अंतिम संयोजन देखेंगे।" गिल ने कहा कि अगर बुमराह नहीं खेलते हैं तो उनकी कमी खलेगी। उन्होंने कहा, "इस सीरीज से पहले हम जानते थे कि बुमराह तीन मैचों की लिए ही उपलब्ध हैं। लेकिन हमें इसे सुलझा लिया है। निश्चित तौर पर हम उन्हें मिस करेंगे। लेकिन हमारे अपने प्लान हैं।"

प्रेक्टिस में दिखा अलग नजारा

हालांकि, कल हुए नेट सेशन को देखा जाए तो आकाशदीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने ज्यादा गेंदबाजी की थी। ये तीनों काफी देर तक गेंदबाजी करते हुए नजर आए थे। वहीं बुमराह नेट्स पर इन तीनों की देख रहे थे जिससे ये ये लग रहा था कि बुमराह दूसरे मैच में नहीं खेलेंगे और उनकी जगह आकाशदीप को जगह मिलेगी। बुमराह अब खेलते हैं या नहीं ये तो मैच वाले दिन पता चलेगा।

# बॉक्स ऑफिस पर मां ने नहीं किया कमाल



काजोल की हॉरर–मायथोलॉजिकल फिल्म मां सिनेमाघरों में लगी हुई है। फिल्म की न तो दर्शकों और समीक्षकों ने कुछ खास तारीफ की और ना ही बॉक्स ऑफिस पर यह कमाल दिखा रही है। मां के साथ 3 साल बाद काजोल की बड़े पर्दे पर वापसी हुई। फिल्म के दूसरे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। उधर आमिर खान की 9 दिन पुरानी फिल्म सितारे जमीन पर ने 9वें दिन धमाका कर दिया है।

4.65 करोड़ के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत करने वाली मां की शनिवार को यानी रिलीज के दूसरे दिन कमाई में उछाल देखने को मिला। वीकेंड का लाभ उठाते हुए शनिवार को मां ने 6.18 करोड़ का कारोबार किया। इस तरह से 2 दिनों में इसका कुल कारोबार 10.83 करोड़ रुपये हो गया है। हालांकि, फाइनल आंकड़ों में थोड़ा फेरबदल हो सकता है। मां अजय देवगन के शैतान यूनिवर्स का हिस्सा है। हॉरर फिल्म छोरी वाले विशाल फुरिया ने इसके निर्देशन की कमान संभाली है। जियो स्टूडियोज और देवगन फिल्म्स ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। मां की कहानी एक ऐसी औरत की है, जो अपनी बेटी को शैतानी ताकतों से बचाने के लिए हर हद पार कर जाती है।

# कोर्बिन बोश्च का ऐतिहासिक प्रदर्शन, 23 साल बाद किया अनोखा काम

## साउथ अफ्रीका को दिलाई विशाल जीत



नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के युवा खिलाड़ी कोर्बिन बोश्च ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है और अपनी टीम को 328 रनों से जीत दिलाने में अहम रोल निभाया है। जिम्बाब्वे को जीत के लिए 537 रनों का विशाल टारगेट मिला था। बुलवायो में खेले गए मैच के चौथे दिन मंगलवार को मेजबान टीम 208 रनों पर ही ढेर हो गई।

बोश्च ने इस मैच में जिम्बाब्वे की दूसरी पारी में पांच विकेट अपने नाम किए। वहीं साउथ अफ्रीका की पहली पारी में उन्होंने 100 रन बनाए। वह 23 साल बाद एक टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका की तरफ से एक ही मैच में शतक जमाने और पांच विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। 23 साल से कोई भी साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ये काम नहीं कर सका था।

**बिखरती चली गई जिम्बाब्वे**

जिम्बाब्वे ने दिन की शुरुआत एक विकेट के नुकसान पर 32 रनों के साथ की थी। दिन की पहली ही गेंद पर बोश्च ने निक वेल्च को बिना खाता खोले आउट कर दिया। पहली पारी के शतकवीर सीन विलियम्स को भी बोश्च अपना शिकार बनाया।

इस बार विलियम्स अपनी पारी को 26 रनों से आगे नहीं ले जा पाए। प्रिंस मासवुरे को कोडी युसूफ ने अपना शिकार बनाया। वेस्ले माधवेरे को भी युसूफ बिना खाता खोले आउट किया। ताफाड्ज्वा सिगा को भी युसूफ ने खाता तक नहीं खोलने दिया।

## एक नजर

### उपनिबंधक पद से सेवानिवृत्ति हुए नरेंद्र रावत

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उपनिबंधक सहकारी समितियां उत्तराखंड गढ़वाल मंडल के उपनिबंधक नरेंद्र सिंह रावत को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। नरेंद्र सिंह रावत 33 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए है। सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में कर्मचारियों ने कहा कि नरेंद्र सिंह रावत ने टिहरी में सहायक विकास अधिकारी के पद पर कार्य शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने विभाग में अपर जिला सहकारी अधिकारी, जिला सहायक निबंधक के साथ ही उपनिबंधक सहकारी समितियां उत्तराखंड गढ़वाल मंडल पौड़ी के पद पर कार्य किया।

### 261 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने 261 ग्राम अवैध चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़ी गई चरस की कीमत करीब 61 हजार रूपये बताई जा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि सोमवार शाम कलियासौड़ बैरियर श्रीनगर के पास चेकिंग के दौरान सौरभ भट्ट पुत्र प्रकाश चन्द्र ग्राम तुनेटा तिलवाड़ा रुद्रप्रयाग की स्कूटी की डिक्की से 261 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कोतवाली श्रीनगर में मुकदमा दर्ज किया गया है। युवक ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह चरस को रुद्रप्रयाग से श्रीनगर में शिक्षण संस्थानों के छात्रों को बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस टीम में सीओ श्रीनगर अनुज कुमार, प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी, विजय शैलानी, निजाम अली, जयप्रकाश खत्री, सुनील असवाल, हाकम सिंह, शोएब अहमद, मुकेश आर्य आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### फरासू में 14 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 14 दिवसीय सूक्ष्म कौशल उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) का शुभारंभ मंगलवार को फरासू में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ फरासू वार्ड के पार्षद सोनू चमोली व परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह कुशवाहा ने किया। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रभावित गांव देवली की महिलाओं को इस प्रशिक्षण में मिलेट्स के लड्डू, बिस्किट, नमकीन व केक के उत्पाद बनाने की तकनीकी प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि महिलाओं को 6 दिन उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) और 8 दिन उत्पादों पर तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। (एजेंसी)

### पंचायत चुनावों को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर पौड़ी जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। जिले में पंचायत चुनाव दो चरणों में होने हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी पौड़ी ने नगर निकाय क्षेत्रों को को छोड़ जिले के सभी पंचायत क्षेत्रों में आचार संहिता लागू कर दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वोटिंग के दिन वोटरों वाहनों से लाने-ले जाने की अनुमति भी नहीं होगी। पोलिंग बूथों से 200 मीटर के दायरे में प्रत्याशी या उसके समर्थकों का प्रवेश पर भी प्रतिबंधित रहेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी पौड़ी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि अब बिना अनुमति के किसी भी प्रकार की सभा, रैली, जुलूस, रोड शो नहीं हो सकेंगे। पांच से अधिक लोगों के समूह पर भी रोक रहेगी। चुनाव प्रचार के लिए ध्वनि यंत्रों के साथ ही सार्वजनिक स्थानों का उपयोग और प्रचार वाहनों का संचालन के लिए भी अनुमति लेनी होगी। धार्मिक स्थलों, स्कूलों और अस्पतालों के नजदीक लाउड स्पीकर के उपयोग पर भी रोक रहेगी। प्रचार में पॉलिथीन या अन्य प्रतिबंधित सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। बिना स्वीकृति राजकीय संपत्ति या निजी स्थलों पर पोस्टर-बैनर नहीं लगाएं जा जाएंगे। अफवाह, भड़काऊ बयान, वोटर को प्रभावित करने के प्रयास, डराने-धमकाने सहित अन्य प्रलोभन देने आदि पर प्रतिबंधित रहेगा।

### पंचायत चुनाव : नामांकन आज से, तैयारियां पूरी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर बुधवार से नामांकन शुरू होंगे। नामांकन पांच जुलाई तक होगें। ब्लॉक मुख्यालयों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बीडीसी, ग्राम प्रधान और वार्ड सदस्यों के नामांकन ब्लॉक मुख्यालयों में होंगे। जबकि जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन जिला पंचायत में होंगे।

पौड़ी में जिला पंचायत की 38 सीटों के साथ ही क्षेत्र पंचायत की 370 और ग्राम प्रधान की 1166 सीटों पर नामांकन के लिए सभी ब्लाक मुख्यालयों में तैयारियां पूरी कर ली गई है। पौड़ी के डीपीआरओ जीतेंद्र कुमार ने बताया कि नामांकन पत्रों की बिक्री जारी है। नामांकनों के लिए आयोग ने 5 जुलाई तक की तिथि निर्धारित की है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के वैकल्पिक मार्ग पर फंसा ट्रक, घंटों लगा जाम


कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य दलदल में फंसे ट्रक को निकालती जेसीबी मशीन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य जाफरा के समीप पुलिया ढहने के बाद चुनौतियां कम होने का नाम नहीं ले रही। सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाए गए वैकल्पिक मार्ग पर एक ट्रक फंस गया। जिसके कारण मार्ग पर तीन घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने जेसीबी से ट्रक को हटाकर यातायात खुलवाया।

रविवार को जाफरा में कोटद्वार व नजीबाबाद को जोड़ने वाली पुलिया ढह गई थी। जिसके कारण यातायात प्रभावित हो गया था। एनएच विभाग ने ह्यूम पाइप पाइप डालकर वैकल्पिक मार्ग तैयार किया। लेकिन, सोमवार सुबह नाले के तेज बहाव में ह्यूम पाइप व इसके ऊपर बिछी मिट्टी पूरी तरह बह गई थी। साथ ही हाईवे का कुछ हिस्सा भी नाले के तेज बहाव में बह गया था। नतीजा, सोमवार सुबह करीब दस बजे से राजमार्ग पर यातायात बंद हो गया। रात्रि करीब साढ़े दस बजे तक मार्ग को वाहनों के संचालन को तैयार किया गया व राष्ट्रीय राजमार्ग में फंसे वाहनों की आवाजाही शुरू हो पाई।

रात के समय मार्ग खुलने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। लेकिन, मंगलवार तड़के ही नजीबाबाद से कोटद्वार की ओर आ रहा एक ट्रक वैकल्पिक मार्ग में फंस गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद सुबह सात बजे ट्रक को जेसीबी की मदद से निकालकर यातायात सुचारु करवाया गया। मार्ग खुलने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। दरअसल, इन दिनों स्कूलों की छुट्टी खत्म होने के बाद मैदानी क्षेत्रों के लिए यात्रियों की संख्या में इजाफा हो गया है।

# तीन लाख की स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार


कोतवाली पुलिस हिरासत में स्मैक के साथ पकड़ा गया युवक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने 3 लाख कीमत की 10.05 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मंगलवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश के अनुपालन में पुलिस व सीआईयू की टीम सोमवार शाम को थाना क्षेत्र के अंतर्गत संयुक्त रूप से चेकिंग कर रही थी। इस दौरान रेलवे स्टेशन को जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा व्यक्ति की तलाशी लिए जाने पर उसके पास से 10.05 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रोहित जोशी पुत्र स्व. हीरा बल्लभ जोशी निवासी-मानपुर बताया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी पर कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करने के साथ ही न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के पश्चात जेल भेज दिया है।

## वन्यजीव संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर अलर्ट मोड में रखें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं को लेकर समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जिले को गैर-संवेदनशील, संवेदनशील और अति-संवेदनशील क्षेत्रों में विभाजित कर कार्य योजना तैयार करने पर जोर दिया। डीएम ने वन्यजीव संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर अलर्ट मोड में रखने, गुलदार और अन्य खतरनाक वन्यजीवों के दिखने पर आपदा नियंत्रण कक्ष में तुरंत सूचना देने को कहा। उन्होंने ग्राम स्तर पर सूचना व चेतावनी प्रणाली को सक्रिय करते हुए हर मृत्यु की गहन जांच के लिए एक ऑडिट प्रणाली विकसित करने के निर्देश अफसरों को दिए। एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में डीएम स्वाति एस भदौरिया ने वन्यजीवों की डीएनए प्रोफाइलिंग और विश्लेषण के जरिए हमलों के पैटर्न को भी समझने, पशुओं पर हुए हमलों के आंकड़ों का संग्रहण, उनका वर्गीकरण और बायो-फेंसिंग जैसे उपायों को लागू करने को कहा। डीएम ने जागरुकता कार्यक्रमों में राजस्व विभाग के पटवारियों को शामिल कर विभिन्न विभागों के बीच समन्वय मजबूत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में डीएफओ गढ़वाल ने बताया कि पौड़ी जिला मानव-वन्यजीव संघर्ष की दृष्टि से अति संवेदनशील श्रेणी में आता है, जहां हर साल औसतन 9 से 10 लोगों की मौत होती है। संघर्ष के मुख्य कारणों में गुलदार, बाघ, भालू, हाथी, बंदर और सांप जैसे वन्यजीवों की सक्रियता प्रमुख है। डीएम ने संवेदनशील क्षेत्रों में सोलर लाइटें लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने, स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को क्या करें और क्या न करें की जानकारी देने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अनिल गर्ब्याल, डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरुद्ध, सिविल सोयम पवन नेगी, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान प्रवीण सैनी, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोनिवि रीना नेगी आदि शामिल रहे।

## बारिश से एक दर्जन से अधिक सड़कों पर यातायात ठप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बारिश लोगों के लिए आफत बन गई है। बारिश से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, वहीं जिले में एक दर्जन से अधिक सड़कों पर यातायात ठप है। रुक-रुक कर हो रही बारिश से सड़कों को खोलने में भी दिक्कतें आ रही है। सड़कों पर मलबा और पत्थरों के आने से आवाजाही में परेशानी हो रही है। मंगलवार को भी जिले में एक दर्जन से अधिक सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध रही। सुबह बंद सड़कों की संख्या करीब दो दर्जन थी। शाम तक लोनिवि ने आधी से अधिक सड़कों पर यातायात बहाल कर दिया। जिले में बंद सड़कों में सभी ग्रामीण सड़कें शामिल है। जिन सड़कों पर मंगलवार को शात तक यातायात सुचारू नहीं हो पाया उनमे साकनीखेत-घौड़ा, कांसखेत-घंडियालधार, जाखणी-अमोठा, तिमलसैंण-बडियारगांव, चोपड़ा-नलाई, फुरखंडाखाल-शुक्र, खडोलियाखेत-कौलापुलटंटा, खुटीटा बिचला से खुटीटा तल्ला, मंगेरी मोटरमार्ग, बंजादेवी-रिखणीखाल, लदोखी-मंजयाड़ी और हनुमंती-मांडाई सड़कें शामिल है।

# खनन से आबादी को खतरा, कार्रवाई की मांग


कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारीको ज्ञापन देते काशीरामपुर तल्ला के लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः काशीरामपुर तल्ला में खोह नदी पर अनियमित खनन का स्थानीय निवासियों ने विरोध किया है। खनन के कारण नदी का रूख बदल गया है, जिससे लगभग 15 मीटर भूमि का कटाव हो गया है और 10 परिवारों के घरों को खतरा हो।

खोह नदी पर काशीरामपुर तल्ला में रिवर चैनलाइजेशन के नाम पर किए गए अनियमित खनन पर स्थानीय निवासियों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि अनियमित खनन के कारण खोह नदी का रूख उनके आवासों की ओर हो गया है और नदी में आई बाढ़ के कारण उनके घरों की ओर की लगभग 15 मीटर भूमि का कटाव हो गया है। इस संबध में स्थानीय लोगों ने पार्षद सूरज कांती के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रशासन की ओर से नदी में करवाये गए चैनलाइजेशन कार्य में खननकारियों द्वारा अनियमितताएं बरती गई हैं। नदी के दोनों किनारों पर तो खनन कर दिया गया, लेकिन बीच में पत्थरों का ढ़ेर लगा दिया गया। परिणाम स्वरूप नदी का रूख बदल गया और लोगों के घरों की ओर के लिए लगभग 15 मीटर भूमि का कटाव हो गया। कहा कि इस कारण लगभग 10 परिवारों के मकानों को खतरा पैदा हो गया है। ज्ञापन में उन्होंने नदी के पानी के लिए बीच में रास्ता बनाने और खननकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में आशीष चौहान, आनंद सिंह राणा, सुरेंद्र सिंह रावत, लता देवी, रीना देवी, गंगाराम, सागर सिंह और दाताराम आदि शामिल रहे।

# डा. जगदीश चंद्र ध्यानी को दिया नागरिक सम्मान



बेस अस्पताल में डा. ध्यानी को सम्मानित करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जागृति गढ़वाल जनजागरण संस्था की ओर से राजकीय बेस चिकित्सालय में तैनात वरिष्ठ फिजीशियन डा. जगदीश चंद्र ध्यानी को नागरिक सम्मान दिया गया। इस दौरान संस्था ने सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने का संकल्प लिया। कहा कि संस्था लगातार समाज सेवा में अपना योगदान दे रही है।

मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागृति गढ़वाल जानजागरण संस्था व रेडियो गढ़वाणी की ओर से बेस चिकित्सालय में पहुंचकर वरिष्ठ फिजीशियन डा. जगदीश चंद्र ध्यानी को नागरिक सम्मान दिया गया। संस्था के अध्यक्ष मनीष भट्ट ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिया जा रहा डा. ध्यानी का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। वह लगातार मरीजों की सेवा में तत्पर रहते हैं। वक्ताओं ने जगदीश चंद्र ध्यानी की कार्य कुशलता की प्रशंसा की। मनीष भट्ट ने डा. जगदीश चंद्र ध्यानी को प्रशस्ति पत्र, पारंपरिक टोपी, स्मृति चिंह व शाल ओढाकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रबंधक बलबीर सिंह रावत, संगीता कुकरेती, निर्मला नेगी, सुनीता नेगी, समृद्ध नेगी, रोहित रावत, ऋचा जदली मौजूद रहे।

## जंगलों की सुरक्षा के लिए पैदल गश्त शुरु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बरसात में जंगल और जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए लैंसडौन वन प्रभाग की ओर से कर्मचारियों की पैदल गश्त आरंभ कर दी गई है। सोमवार देर शाम को लैंसडौन वन प्रभाग की कोटड़ी रेंज में वन कर्मियों की टीम मानसूनी गश्त पर रवाना हुई। रेंज अधिकारी उमेश जोशी ने बताया कि वर्षाकाल में जंगली मार्गों के क्षतिग्रस्त होने के कारण जंगल में शिकारियों का भय बढ़ जाता है। ऐसे में कर्मचारियों की टीम पैदल ही जंगलों में गश्त करती है। बताया कि टीम कुछ दिन जंगल में गश्त करने के साथ ही रात्रि विश्राम भी करेगी।

## आंचल डेयरी ने शुरू की नए कैफे खोलने की तैयारी

श्रीनगर गढ़वाल : चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थापित आंचल कैफे को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद अब आंचल डेयरी श्रीनगर नगर क्षेत्र में दो नए कैफे खोलने जा रही है। इनमें से एक कैफे श्रीनगर मेडिकल कालेज परिसर में खोला जाएगा, जिसको लेकर आंचल डेयरी प्रबंधन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। आंचल डेयरी श्रीनगर के प्रधान प्रबंधक श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि कैफे का उद्देश्य चारधाम यात्रियों और पर्यटकों को स्थानीय दुग्ध उत्पादों के स्वाद से जोड़ना है। वर्तमान में केदारनाथ धाम परिसर और रुद्रप्रयाग जिले में तीन आंचल कैफे सफलता पूर्वक संचालित हो रहे हैं। कैफे में उपभोक्ताओं को दूध, दही, मक्खन, लस्सी, आइसक्रीम सहित आंचल के अन्य दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं और पर्यटकों द्वारा इन उत्पादों को काफी पसंद किया जा रहा है। अब डेयरी ने श्रीनगर नगर क्षेत्र में दो नए कैफे खोले जाने की योजना बनाई है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-06-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल में 14 एल.सी. गेटों टीयूवी>50000 की इंटरलॉकिंग के सम्बन्ध में टीआरडी कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 22.07.2025, 15:00 Hrs. |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹34,94,397.74/- (Including GST @ 18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹69,900/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 दिन |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 06 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in, Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-04 दिनांक: 30.06.2025 1973/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बिजली के पोल पर गिरा पेड़, 12 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मूसलाधार बारिश के कारण जड़ाऊखांद-मजेड़ाबैंड सड़क पर जमणधार गांव के पास तड़के पेड़ गिरने से जहां यातायात बाधित रहा, वहीं पेड़ से बिजली का पोल भी टूट गया। बिजली के पोल के क्षतिग्रस्त होने की वजह से क्षेत्र के 12 से अधिक गांवों में बिजली की सप्लाई बाधित हो गई है। वहीं बारिश की वजह से पौड़ी की कई पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई है। जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता के अनुसार अब तक करीब 44 लाख के नुकसान का अनुमान है। पौड़ी और आस-पास के इलाकों में मंगलवार को भी रुक-रुक कर तेज बारिश होती रही। धुमाकोट के जड़ाऊखांद-मजेड़ाबैंड सड़क पर एक चीड़ के पेड़ के गिर जाने से बिजली का पोल भी टूट गया। जिसके कारण क्षेत्र के जमणधार, कलखोविया, मजेड़ा, सिरखेत, धौलियाना, किनाथ, बराथ तल्ला व तल्ला, बिरखेत, सैंडली, उतिडा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों की बिजली की सप्लाई भी ठप हो गई। स्थानीय ग्रामीण विनोद नेगी, सारंग गौनियाल आदि ने बताया कि सुबह से ही गांवों में बिजली ठप है। कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे यूपीसीएल के जेई कृष्णकांत थपलियाल ने बताया कि पोल को बदलने का काम किया जा रहा है, शीघ्र ही बाधित बिजली सप्लाई को सुचारू किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर तेज बारिश से पौड़ी की एक दर्जन पेयजल योजनाएं प्रभावित हो गई हैं। जिसमें पीसोली, कपरोली, पुरसोली, संगलाकोटी, डांडानागराजा, नाई, कोट, खोला, चिनवाड़ी डांडा, कड़ाकोट व जवाड़ा आदि योजनाएं शामिल हैं। जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता पीके सैनी ने बताया कि बारिश की वजह से जल्लू कपरोली, नाई चपलोड़ी ग्राम समूह, खोला और जवाड़ा पेयजल योजनाओं के स्रोत व पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। जबकि नानघाट, चिनवाड़ी डांडा, कोट और कड़ाकोट पेयजल योजनाएं के मोटर पंप क्षतिग्रस्त हुए है। क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं पर पानी की सप्लाई वैकल्पिक तौर पर शुरू की गई है। जहां पंपिंग योजनाओं की मोटर खराब है उसे भी ठीक किया जा रहा है। अभी तक करीब 44 लाख के नुकसान का आंकलन है।

## पौड़ी-कोटद्वार एनएच पर जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कोटद्वार-पौड़ी नेशनल हाइवे पर मलबा और पत्थर आने के कारण वाहन चालक और लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है।

बता दें कि कोटद्वार-पौड़ी नेशनल हाइवे पर इन दिनों चौड़ीकरण का काम होने से मलबा और पत्थर सड़क पर आ जा रहे हैं। ऐसे में आवाजाही करने वाले लोगों को खतरा बना हुआ है। कोटद्वार-पौड़ी नेशनल हाइवे सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर भारी बारिश से आवाजाही में परेशानी हो रही है। लगातार हुई बारिश से सड़कों के किनारे लगे पुश्तें भी ढह रहे हैं।

वहीं ब्लाक जयहरीखाल में लोनिवि लैंसडौंन की सड़क सतपुली गढ़कोट-चाई पुश्ता दा महीने में ही गिर गया है। लोनिवि ने भिताड़ा पुल से एक किमी. आगे गढ़कोट की ओर डामरीकरण और सुधारीकरण का काम किया था। जिसमें पुल से डेढ़ सौ मीटर आगे यह पुश्ता भी तब बनाया था। ग्रामीण बलवीर सिंह, जगदीश रौतेला, गीताराम, जीवन सिंह आदि ने एनएच और लोनिवि से खस्ता हाल सड़कों को दुरुस्त करने की मांग की है।

# चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम का फोन बंद होने पर भड़की डीएम

श्रीनगर गढ़वाल : चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान फोन बंद पाए जाने पर जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने नाराजगी जताते हुए उपजिलाधिकारी को फोन तत्काल सुचारु करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि उनका कार्य सिर्फ फोन उठाना नहीं, बल्कि क्षेत्रीय पटवारी और अधिकारियों से वर्षा की मात्रा, जलस्तर व अन्य जानकारियां एकत्र करना भी है। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने मंगलवार को श्रीनगर नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गंगा दर्शन बैंड स्थित गोशाला, निर्माणाधीन एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर, गंगा संस्कृति केंद्र, अलकेश्वर घाट, श्रीनगर तहसील व चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। गोशाला निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन एबीसी सेंटर को विस्तारित करने और पशु रखरखाव के लिए गाइडलाइन अनुसार समिति गठन के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम को निर्देश दिए कि भवन तैयार होने तक मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी के समन्वय से आवश्यक उपकरणों को खरीदे जाने की प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सेंटर के संचालन के लिए तत्कालिक व्यवस्था के रूप में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सक उपलब्ध करा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने गोशाला का भी निरीक्षण किया और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि टैग लगे हुए आवारा पशुओं के स्वामियों की पहचान करते हुए उन पर चालानी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बताया कि ग्राम स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गायें खुली सड़कों पर न छोड़ी जाएं। तहसील निरीक्षण में डीएम ने साफ-सफाई बनाये रखने और अवसंरचना विकास हेतु कार्ययोजना तैयार कर जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा। संग्रह अनुभाग में बड़े बकायेदारों से वसूली प्रक्रिया तेज करने के निर्देश अमीन को दिए। डीएम ने अलकेश्वर घाट पर निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त को स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने, चेंजिंग रूम की मरम्मत, पेयजल सुविधा मजबूत करने और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा प्रस्तावित बाढ़ सुरक्षा दीवार की डीपीआर की जानकारी ली और कहा कि दीवार को तेज बहाव से सुरक्षित रखने के लिये इसे और मजबूत किया जाये।


**कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)**

पत्रांक :- 1918/कर अनु0/भव0ना0/2025-26 दिनांक :- 01/07/2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र. सं. | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) एवं आच्छादित क्षेत्रफल | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 229/234/4 वार्ड नं0 04 गाडीघाट भू-भवन का आच्छादित क्षेत्रफल 1050.00 वर्गफिट याने 97.7 वर्गमीटर | श्रीमती जमना देवी पत्नी श्री उल्फत का नाम निरस्त किया जाना है। | श्री खुशदिल पुत्र स्व0 श्री हरगोविन्द शर्मा का नाम दर्ज किया जाना है। | विक्रित भवन की रजिस्ट्री, एवं शपथ पत्र |
| 2 | 120/4 वार्ड नं0 04 गाडीघाट भू-भवन का आच्छादित क्षेत्रफल 5100.00 वर्गफिट याने 473.80 वर्गमीटर | श्री योगेन्द्र सिंह बिष्ट | श्री राहुल बिष्ट, श्री संजय बिष्ट, श्री अरूण बिष्ट पुत्र स्व0 योगेन्द्र सिंह बिष्ट | माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, खाता-खतौनी, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र |
| 3 | 600/12 कालाबड वार्ड नं0 12 विक्रित भू-भवन का आच्छादित क्षेत्रफल 2152.52 वर्गफीट याने 200.00 वर्गमीटर | श्रीमती कान्ता रावत पत्नी स्व0 श्री बुद्धि सिंह रावत | श्री उपकार रावत पुत्र स्व0 श्री बुद्धि सिंह रावत | रजिस्ट्री, दाननामा एवं शपथपत्र |
| 4 | 344/12 कालाबड वार्ड नं0 12 उक्त भू-भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 3444.45 वर्गफीट याने 320.00 वर्गमीटर | श्री रामप्रसाद मैठाणी | श्री जयशंकर, श्री विजयशंकर, श्री अजयशंकर पुत्र स्व0 श्री रामप्रसाद मैठाणी | मृत्यु प्रमाण पत्र, खाता-खतौनी एवं शपथ पत्र |
| 5 | 820/12 कालाबड वार्ड नं0 12 उक्त भू-भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 2160 वर्गफीट यानि 200.74 वर्गमीटर | श्रीमती प्रतिमा मासीवाल पत्नी श्री सुमित मासीवाल | श्रीमती रानी शर्मा पत्नी श्री जगतपाल शर्मा | खाता-खतौनी, रजिस्ट्री, एवं शपथ पत्र |

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**
(01068/51)

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन: आज से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन में जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों के सदस्यों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत के सदस्यों हेतु निर्वाचन कराए जाने हेतु नामांकन सहित नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी निर्वाचन प्रतीक चिन्ह, मतदान व मतगणना हेतु तिथियां निर्धारित की जा चुकी हैं। जिलाधिकारी प्रतीक जैन के आदेश के बाद इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिलाधिकारी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 02 जुलाई से 05 जुलाई, 2025 तक पूर्वान्ह 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक प्रत्याशियों के नामांकन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। 07 से 09 जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। जबकि नाम वापसी के लिए 10 व 11 जुलाई की तिथियां निर्धारित की गई हैं। 14 जुलाई को निर्वाचन प्रतीक चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 24 जुलाई को त्रिस्तरीय निर्वाचन हेतु प्रातः 8 से अपराह्न 5 बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इसके पश्चात् 31 जुलाई, 2025 को पूर्वाह्न 8 बजे से मतगणना शुरू होगी जो परिणाम आने तक जारी रहेगी तथा इसी दिन त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन परिणामों की घोषणा भी की जाएगी। इससे पूर्व त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपादित किए जाने के दृष्टिगत नगरीय क्षेत्रों को छोड़कर जनपद में 28 जून से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई थी।

### जनपद की 22 ब्रांच सड़कें बंद, खोलने का काम जारी

रुद्रप्रयाग। लगातार हो रही बारिश के चलते जनपद में 22 ब्रांच सड़कें बंद हैं जिन्हें खोलने का काम निरंतर जारी है। सभी बंद मागी पर विभागीय स्तर से जेसीबी की मदद से आवाजाही शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इधर, ग्रामीणों को सड़क बंद होने से रोजमर्रा के कायी को करने में दिक्कतें आ रही हैं। आपदा कंट्रोल रूम के अनुसार जनपद में लोनिवि रुद्रप्रयाग की 6 सड़कें बंद है जबकि लोनिवि ऊखीमठ की 4 सड़कें बंद है। इसी तरह पीएमजीएसवाई रुद्रप्रयाग की 4 और पीएमजीएसवाई जखोली की 8 सड़कें बंद है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क बंद होने से लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। हालांकि संबंधित विभागों द्वारा उक्त सभी सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी लगाए गए हैं। मंगलवार देर सांय तक 10 सड़कों पर आवाजाही शुरू कराने के प्रयास किए गए हैं। जबकि अन्य सड़कों पर भी मलबा हटाने का काम जारी है। कई जगहों पर पुश्ते टूटने के कारण सड़क मार्ग को अधिक क्षति पहुंची है वहां वैकल्पिक आवाजाही के प्रयास हो रहे हैं। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने लोनिवि और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को जन हित में त्वरित बाधित हो रहे मागी को खोलने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वे सड़कों की प्रगति की मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं।

### कांग्रेस प्रभारी ने प्रतापनगर विस के कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली

नई टिहरी। पंचायत चुनाव को देखते हुए प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रभारी प्रदेश कांग्रेस के महासचिव वीरेंद्र सिंह कंडारी ने लम्बगांव पहुंचकर प्रतापनगर विधासभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली। लम्बगांव स्थित एक होटल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश थलवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र सिंह कंडारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पंचायत चुनाव में जुट जाना चाहिए। इस समय जनता परिवर्तन चाहती है और भाजपा को उनकी जनविरोधी नीतियों का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जो लोग भाजपा की जन विरोधी नीतियों से उब्र चुके हैं। वह कांग्रेस पर उम्मीदें टिकाये हैं। भाजपा ने पंचायती राज व्यवस्था पर गहरी चोट पहुंचाई है और पंचायत को कमजोर किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा की तथाकथित डबल इंजन की सरकार ने जनमानस को गुमराह करने का काम किया है। जाति–धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम किया है।

### मौसम के अलर्ट को देखते हुए बंद रहे विद्यालय

रुद्रप्रयाग। प्रदेश मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को देखते हुए मंगलवार को जिले में कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूल बंद रहे। हालांकि मौसम दिनभर पूरी तरह साफ रहा। जिला प्रशासन ने मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों की सुरक्षा को देखते हुए मंगलवार को अवकाश घोषित किया था।

# विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करना जरूरी : डीएम

### जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने ली केदारनाथ जीर्णोद्धार और पुनर्विकास परियोजना की समीक्षा बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**



रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को एनआईसी सभागार में श्री केदारनाथ धाम में चल रहे जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास परियोजना के विभिन्न फेजों के अंतर्गत हो रहे कार्यों की प्रगति तथा केदारनाथ परियोजना से संबंधित लंबित मुद्दों के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने लंबित कार्यों जैसे संगम स्थल सौंदर्यीकरण, मंदिर परिसर में चल रहे अन्य अवस्थापना विकास कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रस्तावित यात्री सुविधाओं, पार्किंग, एप्रोच मार्ग, हैलीपैड विस्तार इत्यादि निर्माण कार्यों में पूर्ण गुणवत्ता एवं समय-समय पर निगरानी करने को कहा। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की संख्या को देखते हुए सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करना बेहद आवश्यक है। बैठक में जिलाधिकारी ने वर्तमान में लंबित प्रमुख मुद्दों की जानकारी ली, जिसमें न्यू भीमबली में तीसरे चिंतन स्थल के लिए राज्य सरकार द्वारा भूमि आवंटन पर निर्णय (लंबित), शिव उद्यान स्थल, केदारनाथ धाम में भूमि स्वामित्व विवाद, शिव उद्यान, केदारनाथ धाम में प्रस्तावित ओपन एयर थिएटर स्थल से मोबाइल टावर को स्थानांतरित करना, चन्नी कैंप में चिंतन स्थल के पास ओवरहेड एलटी केबल और पोल का स्थानांतरण, चिंतन स्थलों से मौजूदा केदारनाथ पैदल पथ तक संपर्क मार्गों का विकास, शिव उद्यान (ओपन एयर थियेटर सहित) और चिंतन स्थलों के लिए बिजली लोड आवश्यकताओं को पूरा करने की सुविधा, परियोजना के पूरा होने के बाद संचालन और रखरखाव की योजना, (चिंतन स्थल, शिव उद्यान, ओपन एयर थियेटर और केदार परिचय संग्रहालय के लिए) परियोजना पर आने वाले अधिकारियों के लिए हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग प्रक्रिया, निर्माण और नाजुक सामग्रियों को साइट पर ले जाने के लिए चिनूक की बुकिंग में सुविधा पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का निस्तारण शीघ्र किया जाए। उन्होंने मोबाइल टावर शिफ्टिंग हेतु सभी हितधारकों से वार्ता कर शीघ्र टावर हेतु भूमि चयन एवं टावर शिफ्टिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना धार्मिक आस्था के साथ-साथ राज्य की पर्यटन अर्थव्यवस्था से भी जुड़ी है, ऐसे में सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित किए जाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला, तहसीलदार प्रदीप नेगी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग गुप्तकाशी विनय झिंक्वाण, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चिकित्सक दिवस पर डॉक्टरों को किया सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : डॉक्टर्स-डे पर मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में मंगलवार को बेहतर कार्य करने वाले आठ डॉक्टरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेडिकल कॉलेज प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए चिकित्सा शिक्षा निदेशक एवं मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि एक जुलाई 1882 को जन्मे डॉ. बीसी रॉय ने न केवल भारत की चिकित्सा व्यवस्था को सशक्त बनाया, बल्कि स्वास्थ्य नीति के निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. सयाना ने कहा कि डॉक्टरों को गंभीर स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरूकता फैलाने और समाज में व्याप्त पुरानी मान्यताओं को चुनौती देने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे एमबीबीएस छात्रों एवं पीजी छात्रों को ऐसे महान चिकित्सकों से प्रेरणा लेते हुए अपनी नींव मजबूत करनी चाहिए। उन्होंने दून में आयोजित हुए कार्यक्रम में श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दयाकृष्ण टम्टा एवं ब्लड बैंक से प्रोफेसर डॉ. दीपा हटवाल के सम्मानित होने पर बधाई दी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2025 की थीम है मास्क के पीछेः कौन उपचारक को ठीक करता है? यह थीम डॉक्टरों के मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य की ओर ध्यान आकर्षित करती है। महामारी और अत्यधिक कार्यभार के चलते चिकित्सकों को भी देखभाल और सहारे की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विनीता रावत, डॉ. नियती ऐरन, डॉ. विक्की बक्शी, डॉ. सरेन्द्र सिंह नेगी, डॉ. मोहित कुमार, डॉ. लक्ष्मण यादव, डा. आरती पाल, डॉ. विनोद तिवारी को सम्मानित किया गया।

# डॉ. लक्ष्मी रावत को मिला अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार




नई टिहरी। पर्वतीय परिसर रानीचौरी की सहायक प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मी रावत को अंतराष्ट्रीय स्तर पर डा. एपीजे अब्दुल कलाम ग्रीन एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। 22 जून को थाईलैंड में डॉ लक्ष्मी को यह पुरस्कार दिया गया। वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविध्यालय के पर्वतीय परिसर, रानीचौरी में कार्यरत डॉ. लक्ष्मी रावत को उनके द्वारा शिक्षा, शोध एवं प्रसार गतिविधियों में किए जा रहे नवाचारों के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जलवायु परिवर्तन, संसाधन, जैव विविधता एवं पर्यावरणीय चुनौतियांः सतत विकास के मुद्दे और रणनीतियां के दौरान सम्मानित किया गया। उन्हें डा. एपीजे अब्दुल कलाम ग्रीन एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन अवार्ड दिया गया। सम्मेलन 22 से 26 जून तक सुआन सुनन्दा राजभाट विश्वविद्यालय बैंकाक थाईलैंड में आयोजित हुआ। डॉ लक्ष्मी को सम्मान प्रो थावत्चाई कामोलथाम निदेशक कैनाबिस हेल्थ साइंस एंड मेडिकल हर्ब्स प्रोग्राम, और प्रो सोमदेत रुंगस्त्रीसावत डीन एलाइड हेल्थ साइंसेज सुआन सूनन्था राजभाट विश्वविद्यालय बैंकाक थाईलैंड ने प्रदान किया।

डॉ लक्ष्मी ने बताया कि यह पुरस्कार विज्ञान, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को प्रदान किया गया। वह काफी लंबे समय से अनुसंधान कर रही है। सम्मेलन के दौरान डा. लक्ष्मी रावत ने पिछले 15 वर्षों से पर्वतीय परिसर रानीचौरी में उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में काश्तकारों की आजीविका विकास को किए गए शोध एवं नवाचारों के बेहतर जैविक विकल्पों के बारे में भी जानकारी दी।

### क्लस्तर विद्यालय योजना पर उठाएं गंभीर सवाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन, जनपद पौड़ी गढ़वाल के अध्यक्ष जगदीश राठी ने प्रदेश सरकार की क्लस्टर विद्यालय योजना पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए इसे उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य की वास्तविक परिस्थितियों से विपरीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना बच्चों के शैक्षणिक अधिकारों को बाधित कर रही है। राठी ने बताया कि पर्वतीय जिलों में कई गांवों से क्लस्टर विद्यालयों तक पहुंचने के लिए छोटे बच्चों को 5 से 10 किलोमीटर तक कठिन पहाड़ी मार्गों पर चलना पड़ता है। बरसात, बर्फबारी या आपदा की स्थिति में यह रास्ते बंद हो जाते हैं। ऐसे में यह योजना संविधान के अनुच्छेद 21अ (6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार) की मूल भावना के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता है न कि केंद्रीकरण की। प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाओं युक्त प्राथमिक विद्यालय और स्थानीय शिक्षकों की तैनाती ही स्थायी समाधान है। उन्होंने सरकार से इस नीति पर पुनर्विचार कर राज्य की भौगोलिक विशेषताओं के अनुरूप नई रणनीति बनाने की मांग की।

# मरीजों को दिया जा रहा उत्तम व आधुनिक तकनीक से बेहतर उपचार : डॉ. सेमवाल

### जिला अस्पताल में मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला अस्पताल पौड़ी में मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने केक काटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही अस्पताल में मेस व लॉन्ड्री सेवा की सुविधा शुरू हो गई है। इससे अस्पताल में भर्ती मरीजों को जहां स्वच्छ व सुपाच्य भोजन उपलब्ध होगा। वहीं साफ-सुथरा बेड मिलेगा। अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. एलडी सेमवाल ने बताया कि उत्तम व आधुनिक तकनीक से बेहतर उपचार मरीजों को दिया जा रहा है। बताया कि आधुनिक तकनीक, अनुभव व निःस्वार्थ भाव से हर मरीज को उत्तम स्वास्थ्य सेवा दे रहे हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल परिसर पौड़ी में ओपीडी खत्म होने के बाद अस्पताल परिसर में चिकित्सकों ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया। इस मौके पर अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. एलडी सेमवाल ने बताया कि चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के पहले मुख्यमंत्री डा. बिधान चंद्र रॉय की याद में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। वह एक आदर्श चिकित्सक व प्रखर राजनेता थे। बताया कि पीपीपी मोड से हटने के बाद जिला अस्पताल पौड़ी में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाए जाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में अस्पताल में 19 विशेषज्ञ चिकित्सक, 6 मेडिकल अफसर सहित समुचित मात्रा में नर्सिंग स्टाफ व अन्य कार्मिक सेवारत हैं। डॉ. सेमवाल ने बताया कि अस्पताल में मेस सेवा शुरु हो गई है। अस्पताल में 22 मरीज भर्ती हैं। जिन्हें सुबह का नास्ता, दोपहर व रात का भोजन प्रदान किया जाएगा। जो स्वच्छ व सुपाच्य होगा। भोजन की निरंतर निगरानी की जाएगी। इसके अलावा लॉन्ड्री सेवा भी शुरु कर ली गई है, अब मरीजों के बेड, ड्रेस, ओटी सामग्री सहित अन्य आवश्क कपड़े साफ-सुथरे होंगे। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञ डा. हितेन जंगपांगी, डा. सुनील शर्मा, डा. अगमकांत, डा. शुभांकर, डा. गीतांजलि पाल, डा. सोनाली जोशी, डा. रुपा, डा. अर्चना आदि मौजूद रहे।

# दिव्य—भव्य स्वरूप में दिखने लगा देहरादून की धड़कन घंटाघर

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल अपनी कार्यशैली के अनुसार कई करोड़ के जन सरंचनाओं के एक साथ काम उठवाए है सीएम की प्रेरणा से शहर में विभिन्न प्रमुख स्थलों के सौन्दर्याकरण निर्माण कार्य गतिमान है। जिसके अन्तर्गत देहरादून की धड़कन ह्यघंटाघरह्ल अब दिव्य–भव्य स्वरूप में दिखने लगा है। डीएम की निरंतर मॉनिटिरिंग से जहां कार्यों में तेजी आई वहीं विकास योजनाएं कम समय में धरातल पर उतर रही हैं। जिलाधिकारी येनकेन बजट का प्रबन्ध करते हुए भी कार्यों को धरातल पर उतारकर मूर्तरूप देने में जुटा है।,



जिनकी उनके द्वारा निरंतर मॉनिटिरिंग की जा रही है। वर्तमान में जिला प्रशासन की कार्यशैली बदली–बदली है, जिला प्रशासन जहां जनमानस के प्रति अपने कर्तव्यों को लेकर सजग है। वहीं अपने स्वच्छ प्रशासन की अपनी छवि पर कमिटमेट है। वर्तमान में जिला प्रशासन के कमिटमेंट योजनाओं की पूर्ण गांरटी बनकर उभर रहे, इसका ताजा उदाहरण पिछले कुछ महीनों में जनहित में लिए गए बड़े–बड़े निर्णय है।

शहर के घंटाघर चौक को आधुनिक एवं यातायात हेतु सुगम बनाया जा रहा है, जिलाधिकारी ने चार्ज संभालते देहरादून में सुगम सुविधा एवं यातायात के लिए निरंतर प्रयास एवं मंथन से शहर के चौक चौराहों का पारम्परितक एवं पौराणिक शैली सौन्दर्गीकरण के विकसित किए जाने की कार्य योजना को धरातल पर लाने का कार्य किया। जिसके फलस्वरूप शहर के घंटाघर सहित अन्य चौक चौराहों को सौन्दर्याकृत बनाने का कार्य गतिमान है।

### रिंग रोड के कार्य समन्वय से करें विभाग: डीएम

नई टिहरी। टिहरी झील रिंग रोड निर्माण के संबंध में डीएम नितिका खंडेलवाल ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने लोनिवि, पर्यटन विभाग और एडीबी परियोजना से जुड़े अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर इस कार्य को करने के निर्देश दिए। कहा कि टिहरी क्षेत्र के पर्यटन विकास में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। मंगलवार को जिला सभागार में आयोजित बैठक में लोनिवि के एसई मनोज बिष्ट ने बताया कि रिंग रोड का कार्य तीन चरण में होगा। प्रथम फेज में कोटी कालोनी–डोबरा चांटी, द्वितीय फेज में डोबरा–पीपलडाली जबकि तृतीय फेज में पीपलडाली–घनसाली क्षेत्र शामिल है। बताया कि प्रथम फेज में कोटी कालोनी–डोबरा चांठी रिंग रोड को पर्यटन विभाग के पर्यवेक्षण में उनके माध्यम से बनाया जाना है।

# व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम किए जारी

नई टिहरी। श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ने आधारभूत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर 2025 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं।

विश्वविद्यालय की सत्र 2025 की यह परीक्षाएं बीती 13 मई से शुरू होकर 10 जून 2025 तक गढ़वाल मंडल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न करवाई गई थी। इन परीक्षाओं में स्नातक सम सेमेस्टर (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष वार्षिक पद्धति) तथा स्नातकोत्तर (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) के कुल 88,000 से अधिक छात्र–छात्राएं शामिल हुए थे। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों के बावजूद, विश्वविद्यालय ने निर्धारित समय–सीमा के भीतर परिणामों की घोषणा कर अपनी उत्कृष्ट प्रबंधन क्षमता का प्रदर्शन किया है।

जिसे लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनके जोशी ने बताया कि सभी पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम आगामी 10 जुलाई तक हर–हाल में सार्वजनिक कर दिये जायेंगे। इसे लेकर विश्वविद्यालय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।

छात्र–छात्राएं विश्वविद्यालय के निर्दिष्ट चैनलों के माध्यम से अपने परीक्षा परिणाम देख सकते हैं व अपने अंक व ग्रेड कार्ड का विवरण पीडीएफ में डाउनलोड भी कर सकते हैं। श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और प्रदेश के युवाओं के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# पलायन रोकने के लिए आजीविका संवर्द्धन बढ़ाने के दिये निर्देश

नई टिहरी। मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना की डीएम नितिका खंडेलवाल ने समीक्षा की। उन्होंने वर्ष 2025–26 की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिये। पलायन रोकथाम के लिए ब्लॉकवार विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए युवाओं को फोकस में रख प्रशिक्षण देकर आजीविका संवर्द्धन के साधन बढ़ाने के निर्देश दिए। स्वयंसहायता समूहों के माध्यम से क्लस्टर में कार्य करने और प्रत्येक योजना को विभागों से युक्तिकरण कर स्पष्ट रूप से बनाने को भी कहा। मंगलवार को वीसी सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ वरूणा अग्रवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न ब्लॉक के अंतर्गत 50 राजस्व ग्राम के 43 गांव पलायन प्रभावित की श्रेणी में है। जिनमें प्रतापनगर के 14, जाखणीधार 9, थौलधार 8, चंबा और नरेंद्रनगर 5–5, जौनपुर 4, कीर्तिनगर 3, भिलंगना 2 गांव शामिल हैं। चयनित ग्रामों में आजीविका संवर्द्धन के लिए मनरेगा और एनआरएलएम सहित ब्लॉक स्तर, कृषि, पशुपालन, लघु सिंचाई, शिक्षा आदि विभागों के माध्यम से 115 योजनाओं के कार्य किए जाने हैं। इनमें सोलर ड्रायर, सोलर पंप, चेक डैम (पाइप लाइन), हर्बल उत्पादन, औषधीय एवं सगंध उत्पादन, माइक्रो बकरी पालन, डेयरी यूनिट, स्मार्ट क्लासेज, पौधारोपण, बागवानी, पुलम उत्पादन आदि कार्य करने के प्रस्ताव हैं। डीएम ने कहा कि इन गांवों में क्रियान्वित किए जाने वाली योजनाओं पर अधिकारी विशेष निगरानी रखें।

### प्रमुख उद्यमी गुरु प्रसाद ने थामा भाजपा का दामन

नई टिहरी। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत की अध्यक्षता और प्रतापनगर के पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ता और शहर के प्रमुख उद्यमी गुरु प्रसाद भट्ट, कांग्रेस के प्रतापनगर ब्लॉक अध्यक्ष बरफ चंद रमोला सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष रावत ने उन्हें पार्टी का पटका व फूलमाला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है। विभिन्न संगठनों के लोग भाजपा से जुड़कर विकास का साथ दे रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक पंवार ने भी विचार रखे। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, पूर्व प्रमुख मस्ता सिंह नेगी,जयेंद्र पंवार, ओम प्रकाश रतूड़ी, दीप चंद रमोला, जनार्दन प्रसाद, कर्ण सिंह, दिनेश रतूड़ी, जयेंद्र पंवार मौजूद थे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कार्मिकों का हुआ पहला रेन्डमाइजेशन

देहरादून। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/नोडल अधिकारी कार्मिक अभिनव शाह की अध्यक्षता में 01 जुलाई को मतदान कार्मिकों का सॉफ्टवेयर के माध्यम से पहला रेंडमाइजेशन किया गया। इसमें जिले के 14 हजार पात्र कार्मिकों के पूर्ण डेटाबेस से 25 प्रतिशत रिजर्व सहित 7560 कार्मिकों का चयन किया। इसमें पीठासीन अधिकारी और प्रथम मतदान अधिकारी शामिल है।

देहरादून जनपद के 06 विकास खंडों में कुल 1090 मतदेय स्थल है। पहले रेंडमाइजेशन के तहत 1512 मतदान दल बनाए गए है, जिसमें 7560 कार्मिकों का चयन किया गया है। चयनित पीठासीन अधिकारियों को 06 जुलाई और प्रथम मतदान अधिकारियों को 07 जुलाई को



पहला प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान कार्मिकों के दूसरे रेंडमाइजेशन में पार्टी गठन के साथ ब्लॉक आवंटित किए जाएंगे। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में द्वितीय कार्मिक के रूप में महिला कार्मिक की भी तैनाती की जाएगी। पारदर्शिता के लिए रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की पूरी वीडियो एवं फोटोग्राफी भी की गई। कार्मिकों के रेंडमाइजेशन के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रणजीत सिंह चौहान, एडीआईओ अंकुश पांडेय, डीटीडीओ बृजेन्द्र पांडेय आदि मौजूद थे

# धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न संगठनों ने नगर के चिकित्सकों को सम्मानित किया। राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संगठन की ओर से चिकित्सालय के सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यूएस खरोला, डॉ. मुकेश कुमार पांडे, डॉ. रामकुमार, डॉ. अमित रौतेला, डॉ. रोहित उपाध्याय आदि शामिल रहे। मौके पर संगठन के अध्यक्ष डॉ. विकास धस्माना, सचिव मोहनलाल चमोली, मुख्य फार्मेसी अधिकारी आरएस खत्री, प्रवेश रतूड़ी, गब्बर सिंह रावत, मेट्रन निर्मला मैसी, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर पूनम त्यागी



आदि उपस्थित रहे। उधर, देहरादून रोड स्थित नेगी आई केयर सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में ग्राफिक एरा हॉस्पिटल के जन सम्पर्क अधिकारी गौरव उनियाल ने नेगी आई केयर सेंटर संचालक डा. राजे सिंह नेगी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राजे नेगी पिछले एक दशक से लगातार ऋषिकेश एवं आसपास के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करते रहे है। कहा कि प्रत्येक वर्ष एक जुलाई को भारत में डाक्टर्स डे मनाया जाता है। इस दिन महान फिजिशियन और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र राय की जन्मतिथि और पुण्यतिथि भी है। इसलिए इसी दिन चिकित्सक दिवस मनाया जाता है।

मौके पर अर्णव कोटियाल,भुवनेश्वर भारद्वाज, मनोज नेगी, मानसी कुमारी, अलका बिष्ट आदि उपस्थित रहे। धरती पर भगवान का स्वरूप हैं चिकित्सकः चिदानंद परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज ने सभी चिकित्सकों और देशवासियों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि चिकित्सक केवल पेशेवर ही नहीं होते, वे करुणा, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति होते हैं। वे जीवन के रक्षक और मानवता के प्रहरी हैं।

### जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए प्रभावी योजना तैयार करें : धामी



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए प्रभावी योजना तैयार की जाए। वन क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवीकरण को शीर्ष प्राथमिकता में रखा जाए। इसके लिए वन विभाग के साथ पेयजल, जलागम, ग्राम्य विकास और कृषि विभाग संयुक्त रूप से कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने वनाग्नि रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीक और सामुदायिक भागीदारी के जरिए व्यापक रणनीति बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड कैंपा (क्षतिपूर्ति वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक में कैंपा निधि के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कैंपा फंड का उपयोग राज्य में वनों के सतत प्रबंधन, वानिकी विकास, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने तथा वनों पर आश्रित समुदायों के कल्याण के लिए किया जाए।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com